**मास्टर परिपत्र**
**प्रधान मंत्री रोजगार योजना (प्रमंरोयो)**

**विषय वस्तु**
**खण्ड I**

प्रधान मंत्री रोज़गार योजना हेतु दिशानिर्देश
( समय-समय पर यथा संशोधित )

**खण्ड II**

प्र.मं.रो.यो. - कार्यान्वयन अभिकरण और परिचालनगत दिशानिर्देश

**खण्ड III**

प्र.मं.रो.यो. - लक्ष्य निर्धारण और वसूली अपेक्षाएँ

खण्ड IV -
अनुलग्नक - I
अनुलग्नक - II
अनुलग्नक - III
अनुलग्नक - IV
अनुलग्नक - V
अनुलग्नक - VI
अनुलग्नक - VII
अनुलग्नक - VIII
अनुलग्नक - IX
अनुलग्नक - X
अनुलग्नक - XI
अनुलग्नक - XII
अनुलग्नक - XIII
अनुलग्नक - XIV
अनुलग्नक - XV

परिशिष्ट

**मास्टर परिपत्र**
**प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को उधार**
**विशेष कार्यक्रम**

**खण्ड - I**

**प्रधान मंत्री रोजगार योजना (प्रमंरोयो) हेतु दिशानिर्देश**

**1. उद्‌देश्य**

प्रधान मंत्री रोजगार योजना आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्गों के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने हेतु तैयार की गई है । योजना का उद्देश्य पात्र युवाओं को उद्योगों, सेवाओं तथा व्यापार में स्वरोज़गार के लिए उद्यम उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करना है ।

**2. सीमा क्षेत्र**

योजना सम्पूर्ण देश पर लागू होगी ।

**3. लक्ष्य समूह**

योजना उन सभी शिक्षित बेरोज़गार युवाओं पर लागू होगी जिनकी न्यूनतम अर्हता आठवीं श्रेणी (उत्तीर्ण) है । उन व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने सरकार द्वारा मान्य/अनुमोदित संस्थानों में कम से कम छः माह की अवधि के लिए किसी भी प्रकार के व्यापार हेतु प्रशिक्षण लिया हो ।

4. **आरक्षण**

कमजोर वर्ग के साथ-साथ महिलाओं को वरीयता दी जानी चाहिए । अजा / अजजा हिताधिकारियों को सहायता प्रदान करने का लक्ष्य इस प्रकार निर्धारित किया जाए कि उन्हें संबंधित जिला / राज्य में उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ प्राप्त हों तथापि, अजा / अजजा हिताधिकारियों की संख्या 22.5% से तथा अन्य पिछड़े वर्गों की संख्या 27% से कम न हो जैसाकि वर्तमान में प्रमंरोयो में निर्धारित किया गया है । यदि अजा/अजजा /अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवार उपलब्ध न हो तो राज्यों /संघशासित क्षेत्रों की सरकार प्रमंरोयो के अन्तर्गत अन्य वर्ग के उम्मीदवारों पर विचार करने हेतु सक्षम होंगी ।

**5. पात्रता मानदण्ड**

(i) **आयु**

(क) 18 से 35 वर्ष के बीच सभी शिक्षित बेरोज़गार के लिए ।

(ख) 18 से 40 वर्ष के बीच उत्तर-पूर्वी राज्यों , हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड तथा जम्मू और कश्मीर में सभी शिक्षित बेरोज़गार के लिए ।

(ग) 18 से 45 वर्ष के बीच अजा / अजजा , भूतपूर्व सैनिक / शारीरिक रूप से विकलांग तथा महिलाओं के लिए ।

(ii) **शिक्षा**

शिक्षित /बेरोजगार युवा जिनकी न्यूनतम अर्हता VIII कक्षा (उत्तीर्ण) हो । उन व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने सरकारी मान्यता प्राप्त/अनुमोदित संस्थान (आइटीआइ इत्यादि) में किसी कारोबार में कम से कम 6 माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो । उच्चतर अर्हता वाले आवेदक अथवा मैट्रिक के बाद अन्य कोर्स कर रहे व्यक्ति भी सहायता के लिए पात्र होंगे ।

(iii) **वार्षिक पारिवारिक आय**

(क) आवेदन की तारीख को परिवार की आय रु. 1,00,000/- वार्षिक तक तथा हिताधिकारी के माता-पिता की रु. 1,00,000/- तक की वार्षिक आय को हिसाब में लिया जाए । इस प्रयोजन के लिए परिवार का अर्थ होगा हिताधिकारी और उसका जीवन साथी । पारिवारिक आय में मज़दूरी,वेतन, पेंशन, कृषि, व्यवसाय, किराया इत्यादि सभी स्रोतों से प्राप्त आय को सम्मिलित किया जाएगा ।

(ख ) परिभाषा के अनुसार हिताधिकारी की आय, यदि वह विवाहित है तो जीवन साथी की आय को मिलाकर रु. 1,00,000/- प्रति वर्ष तक तथा हिताधिकारी के माता-पिता की आय पृथक रुप में रु. 1,00,000/- प्रति वर्ष तक होनी चाहिए । प्रधान मंत्री रोज़गार योजना के अन्तर्गत पात्रता निर्धारित करने के लिए यही मानदंड लागू होंगे चाहे हिताधिकारी अपने माता-पिता के साथ रहता हो अथवा अलग ।

(ग) साथ ही, आवेदक और उसके जीवन साथी को ही एक परिवार माना जाएगा चाहे दो या उससे अधिक बहन-भाई इकट्ठे रहते हों । उनका परिवार अलग होगा तथा प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत निर्धारित पात्रता मानदण्डों को पूरा करने पर वे योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे ।

(घ) विवाहित महिलाओं के मामले में, उनके सास-ससुर की आय को हिसाब में लिया जाएगा।

(ङ) प्र.मं.रो.यो. के अन्तर्गत ऋण हेतु आवेदन की तारीख से 3 वर्ष पहले यदि आवेदक को गोद लिया गया है तो पारिवारिक आय के निर्धारण के लिए उन माता-पिता की आय को हिसाब में लिया जाएगा, जिन्होंने उसे गोद लिया है । यदि प्र.मं.रो.यो. के अन्तर्गत आवेदन के समय गोद लेने की अवधि तीन वर्ष से कम है तो उसके माता-पिता की आय हिसाब में ली जाएगी ।

(च) आवेदक की पारिवारिक आय के समर्थन में एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा । आवेदक की पारिवारिक आय मानदण्डों के संबंध में कार्य-दल की सन्तुष्टि होना आवश्यक है । संदेह होने पर कार्य-दल अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग कर सकता है अथवा कोई उचित प्रक्रिया अपना सकता है । कार्य-दल द्वारा एक बार अनुशंसा होने पर ऐसा मान लिया जाना चाहिए कि आवेदक आय मानदण्डों को पूरा करता है, बशर्ते इसके विपरीत कोई साक्ष्य प्राप्त हो । बैंकों को पारिवारिक आय के आधार पर कार्य-दल की सिफारिशों पर प्रश्नचिन्ह लगाने की आवश्यकता नहीं है जब तक उनके पास कोई ठोस सबूत न हो । ऐसे मामले में सबूत के साथ वह मामला कार्य दल के पास उचित कार्रवाई हेतु वापस भेजा जाना चाहिए । भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि आवेदकों को अनुमति प्रदान की जाए कि वे सादे कागज पर शपथ पत्र की विषय -वस्तु को सम्मिलित करके आवेदन पत्र के साथ जिला औद्योगिक केन्द्र/बैंकों को प्रस्तुत करें । सम्बन्धित गैर - न्यायिक कागज पर औपचारिक शपथ पत्र ऋण की राशि स्वीकृत होने के बाद बैंक को प्रस्तुत की जाए ।

**iv)　आवास**

(क) हिताधिकारी उस क्षेत्र का तीन वर्ष तक स्थाई निवासी होना चाहिए । यहाँ 'क्षेत्र' का अर्थ है जिला । यदि आवेदक उस स्थान पर कोई उद्यम आरम्भ करना चाहता है, जहाँ वह तीन वर्ष से रह रहा है तो वह सहायता के लिए पात्र है । नव विवाहित महिला हिताधिकारियों को इससे छूट प्राप्त है तथा इसके बजाय आवास का मानदंड उनके ससुराल पक्ष/पति पर लागू होगा ।

(ख) इस प्रयोजन हेतु राशन कार्ड पर्याप्त साक्ष्य होगा । राशन कार्ड उपलब्ध न होने पर उपायुक्त/जिला मजिस्ट्रेट अथवा राज्य सरकार द्वारा नामित अन्य किसी उचित प्राधिकरण द्वारा जारी आवास प्रमाण पत्र स्वीकार्य होगा । राशन कार्ड उपलब्ध न होने पर अन्य कोई दस्तावेज भी आवास के साक्ष्य के रुप में स्वीकार्य होगा जो जिला समिति/कार्य दल को मान्य हो ।

(ग) मेघालय में विवाहित पुरूषों के लिए आवासीय मानदंड में छूट दी गई है जैसाकि देश के अन्य भागों में विवाहित महिलाओं को दी गई है । मेघालय में प्रमंरोयो के अंतर्गत आवासीय मानदंड विवाहित पुरूष आवेदक के ससुराल पक्ष/पत्नी पर लागू होंगे अर्थात् आवेदक पिछले तीन वर्ष से उस क्षेत्र का निवासी होना चाहिए ।

**v)　अन्य शर्तें**

क) किसी बैंक/वित्तीय संस्थान का चूककर्ता योजना के अन्तर्गत सहायता के लिए पात्र नहीं होगा । साथ ही, यदि परिवार का कोई सदस्य चूककर्ता है तो उस परिवार के अन्य सदस्य भी सहायता के लिए पात्र नहीं होंगे ।

ख) योजना के अन्तर्गत परिवार के एक से अधिक सदस्यों को सहायता प्रदान नहीं की जाएगी । तथापि, यदि परिवार के किसी सदस्य को केन्द्र/राज्य/राज्य द्वारा धारित निगम द्वारा प्रायोजित योजना (सब्सिडी सहित/रहित) के अन्तर्गत सहायता दी गई है तो उसे प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने से रोका नहीं जाएगा ।

ग) यदि किसी व्यक्ति को सब्सिडी वाले कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले ही सहायता दी गई हो तो वे प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत सहायता के लिए पात्र नहीं होंगे ।

## 6. मान्य गतिविधियाँ

आर्थिक सहायता कृषि एवं सम्बन्धित गतिविधियों सहित सभी अर्थक्षम गतिविधियों के लिए प्रदान की जाएगी लेकिन इनमें फसल उगाना,खाद इत्यादि खरीदना जैसे प्रत्यक्ष कृषि परिचालन सम्मिलित नहीं होंगे । तथापि, यह सुनिश्चित किया जाए कि हिताधिकारी लागू नियमों के अन्तर्गत अपेक्षित सांविधिक अनुमोदन प्राप्त करता है जो लागू नियम के अन्तर्गत अपेक्षित हैं तथा बैंक द्वारा किए गए संवितरण ऐसे समाशोधन, यदि कोई हों तो, से संबंधित होंगे । कार्यान्वयन अभिकरण उद्योग/सेवा/व्यवसाय क्षेत्रों के अन्तर्गत प्रस्तावित गतिविधियों की पात्रता और वर्गीकरण निर्धारित करेगा । उद्योग, सेवा एवं कारोबार क्षेत्र के अन्तर्गत आनेवाली गतिविधियों की उच्चतम सीमा पर पूर्व शर्तें अब हटा दी गई है ।

**7. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल एवं जम्मू और कश्मीर के लिए प्रमंरोयो के मानदण्डों में छूट**

भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्यों अर्थात् असम,मिज़ोरम, मणिपुर,त्रिपुरा,नागालैंड,अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और सिक्किम तथा हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल एवं जम्मू और कश्मीर में प्रधान मंत्री रोजगार योजना के कार्यान्वयन में विभिन्न मानदंडों के आधार पर छूट प्रदान की जाए । ये मानदण्ड निम्नानुसार हैं :-

क) प्रधान मंत्री रोजगार योजना का विस्तार बागबानी, सूअर पालन,मुर्गीपालन, मत्स्यपालन,चाय के छोटे बागानों आदि को सम्मिलित करने के लिए किया गया है ताकि सभी अर्थक्षम गतिविधियों को सम्मिलित किया जाए ।

ख) प्रत्येक हिताधिकारी की पारिवारिक आय उसके जीवन साथी अथवा माता - पिता की आय सहित रु. 1,00,000/- प्रतिवर्ष से अधिक न हो ।

ग) अधिकतम आयु सीमा को **सामान्य रुप से** बढ़ा कर 40 वर्ष कर दिया गया है । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/भूतपूर्व सैनिकों, विकलांगों और महिलाओं के लिए यह छूट बढ़ा कर 45 वर्ष की आयु तक कर दी गई है ।

घ) सब्सिडी की मात्रा परियोजना की 15% होगी जिसकी अधिकतम सीमा रु. 15,000/- प्रति उधारकर्ता होगी । बैंकों को अनुमति है कि वे परियोजना की लागत का 5% से 12.5% तक मार्जिन राशि के रुप में ले सकते हैं, जिससे सब्सिडी और मार्जिन राशि का जोड़ परियोजना लागत के 20% के बराबर हो । ( दिनांक 01.04.1999 से स्वीकृत मामलों पर लागू )
( "क" और "ख" में निर्धारित शर्तें अब प्रमंरोयो के अन्तर्गत समग्र देश में लागू होंगी )

**8.परियोजना निधियन**

**i) परियोजना की तैयारी**

जिला उद्योग केन्द्र/लघु उद्योग सेवा संस्थान (एसआइएसआइ) (महानगरों के लिए) अथवा गैर सरकारी संगठन, औद्योगिक संघ अथवा अन्य अभिकरण आवेदन पत्रों की पहचान करके उद्योग मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा स्थापित की जाने वाली जिला स्तरीय समिति/महानगरीय समिति को भेजेंगे । समिति द्वारा संवीक्षा के बाद आवेदनपत्र बैंकों को प्रायोजित किए जाएंगे । **बैंक परियोजना की अर्थक्षमता और विश्वसनीयता की जाँच कर सकते हैं ।**

**ii) परियोजना लागत के घटक**

क) व्यवसाय /सेवा क्षेत्र के लिए 2 लाख रुपए तथा उद्योग क्षेत्र के लिए 5 लाख रुपए तक के ऋण मिले -जुले स्वरुप के होंगे । यदि दो और उससे अधिक पात्र व्यक्ति साथ में भागीदारी करते हैं तो 10 लाख रुपए तक की परियोजना शामिल की जाएगी । सहायता अलग-अलग स्वीकार्यता के लिए सीमित होगी।

ख) उधारकर्ता द्वारा लीज़/किराये पर अथवा स्वामित्व आधार पर दुकान के लिए उपर्युक्त स्थान के अभिग्रहण के लिए निधि की आवश्यकता परियोजना लागत का एक भाग हो सकती है, बशर्ते वित्तपोषक बैंक द्वारा यह आवश्यक समझा गया हो । कुल परियोजना लागत ऐसी आवश्यकताओं सहित ऊपर दर्शाई निर्धारित सीमा के भीतर होनी चाहिए ।

ग) किराये के स्थान पर अपनी गतिविधियाँ चलाने वाले प्रधानमंत्री रोजगार योजना के हिताधिकारियों के मामले में, लीज़ अवधि को लिया जा सकता है, बशर्ते कि उसका प्रधानमंत्री रोजगार योजना से इतर ऋणों के मामलों की तरह नवीकरण किया जाए । बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऋण की अवधि के दौरान लीज़ अवधि की समाप्ति पर लीज़ करार का नवीकरण कर लिया जाता है ।

**iii) सब्सिडी और मार्जिन की राशि**

क) (i) सब्सिडी परियोजना लागत की 15% तक सीमित होगी जिसकी अधिकतम सीमा 12,500/- रुपए प्रति उद्यमी होगी। बैंकों को अनुमति होगी कि वे उद्यमियों से परियोजना लागत की 5% से 16.25% तक मार्जिन राशि लें ताकि सब्सिडी और मार्जिन राशि का जोड़ परियोजना लागत के 20% के बराबर हो जाए।

**उत्तरपूर्वी राज्यों, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड तथा जम्मू और कश्मीर**

(ii) उत्तर-पूर्वी राज्यों, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड तथा जम्मू और कश्मीर के लिए सब्सिडी परियोजना लागत की 15% होगी जिसकी अधिकतम सीमा 15,000/- रुपए प्रति उद्यमी होगी । उद्यमियों से मार्जिन राशि के प्रति अंशदान परियोजना लागत की 5% से 12.5% तक होगा ताकि सब्सिडी और मार्जिन राशि का जोड़ परियोजना लागत के 20% के बराबर हो जाए।

ख) डेयरी ऋणों के मामले में, जहाँ संवितरण दो चरणों में किया जाएगा, (जानवरों का दूसरा बैच 6 माह बाद) शाखाओं को सूचित किया जाए कि वे सब्सिडी का दावा ऋण के अन्तिम (दूसरे) संवितरण के समय ही प्रधान कार्यालय से करें ।

**iv) संयुक्त उद्यम/भागीदारी**

क) सामूहिक गतिविधियों की सफलता के अवसर अधिक होते हैं क्योंकि उन्हें सहायता और विपणन सुविधाएँ उपलब्ध कराना आसान होता है । अतः सामूहिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना चाहिए ।

ख) यदि एक से अधिक सदस्य मिलकर भागीदारी संस्था बनाते हैं तो वे पूरे ऋण और सब्सिडी के पात्र होंगे, बशर्ते ऊपर 7(iii) (क) और 7 (v) (क) में निर्दिष्ट किए अनुसार, प्रत्येक उधारकर्ता को दिए गए यथानुपाती ऋण/सब्सिडी की राशि प्रत्येक उधारकर्ता के निर्धारित राशि से अधिक न हो तथा **परियोजना की कुल लागत 10 लाख रु. से अधिक न हो** । साथ ही, प्रत्येक भागीदार के लिए परियोजना लागत के हिस्से की व्यक्तिगत सीमा फर्म द्वारा आरम्भ की गई गतिविधि के स्वरुप पर निर्भर होगी ।

ग) यदि भागीदारों के भाग समान होंगे तो उचित होगा । प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत सभी भागीदार प्रथम दृष्ट्या सब्सिडी के पात्र होंगे ।

घ) सहकारी समितियाँ, भागीदारी न होने के कारण, प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत सब्सिडी के लिए पात्र नहीं हैं ।

ड.) यह निर्णय लिया गया है कि स्वयं सहायता समूहों को प्रमंरोयो के अन्तर्गत वित्तपोषण हेतु विचार किया जाए बशर्ते कि :

i) स्वरोजगार उद्यमों (सामान्य आर्थिक गतिविधि) के निर्माण हेतु स्वयं सहायता समूह बनाने के इच्छुक शिक्षित बेरोजगार युवकों को योजना के अन्तर्गत निर्धारित मानदण्डों को पूरा करना चाहिए ।

ii) स्वयं सहायता समूह में 5 से 20 शिक्षित बेरोजगार युवक हो सकते हैं।
iii) ऋण पर कोई ऊपरी उच्चतम सीमा नहीं हो ।
iv) परियोजना की आवश्यकता को देखते हुए व्यक्तिगत पात्रता के अनुसार ऋण दिया जाए।
v) स्वयं सहायता समूह अपने सदस्यों को आगे उधार दिये बिना, सामान्य आर्थिक गतिविधि जिसके लिए ऋण स्वीकृत हुआ था, आरम्भ कर सकते हैं।
vi) स्वयं सहायता समूहों को उत्तर पूर्वी राज्यों, उत्तरांचल, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर में दी गई छूट को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक व्यक्ति की पात्रता के अनुसार सब्सिडी दी जा सकती है ।
vii) स्वयं सहायता समूह के लिए सब्सिडी की अधिकतम सीमा 15000 /- रुपए प्रति हिताधिकारी है जिसकी अधिकतम राशि 1.25 लाख रुपए प्रति स्वयं सहायता समूह है ।
viii) अपेक्षित मार्जिन राशि अंशदान (अर्थात् सब्सिडी और मार्जिन राशि परियोजना लागत के 20 प्रतिशत हो) स्वयं सहायता समूह द्वारा सामूहिक रूप से लाना होगा ।
ix) उद्योग क्षेत्र के अन्तर्गत परियोजनाओं के लिए प्रति उधारकर्ता खाता संपार्श्विक प्रतिभूति प्राप्त करने के लिए सीमा 5 लाख रुपए होगी। सेवा और व्यवसाय क्षेत्रों के अन्तर्गत परियोजनाओं के लिए स्वयं सहायता समूह के प्रत्येक सदस्य को 1.00 लाख रुपए की राशि पर संपार्श्विक से छूट प्राप्त होगी। बैंक पात्र मामलों में संपार्श्विक से छूट की सीमा बढ़ाने पर विचार कर सकता है ।
x) कार्यान्वयन एजेंसियाँ समूह के सभी अधिकांश सदस्यों / अधिकतर सदस्यों को संवितरण पूर्व प्रशिक्षण की आवश्यकता निर्धारित कर सकती हैं ।

**v) जमानत**

क) उधारकर्ता द्वारा मार्जिन और व्यक्तिगत गारंटी और सरकार द्वारा सब्सिडी देने के अतिरिक्त, बैंक ऋण से सृजित आस्तियों को उधारकर्ता बैंक के पास बंधक/दृष्टिबंधक/ गिरवी रखेगा ।

ख) 50,000/- रु. से अधिक ऋणों के मामले में यदि स्थायी आस्तियों का सृजन प्रस्तावित नहीं है तो बैंकों को ऐसे मामलों में ऋण स्वीकृत करते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी ।

ग) उद्योग क्षेत्र में 5.00 लाख रुपए (प्रमंरोयो के अंतर्गत ऋण सीमा) तक परियोजना लागत वाली इकाइयों के लिए कोई संपार्श्विक नहीं होगी। उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत भागीदारी परियोजनाओं के लिए संपार्श्विक जमानत प्राप्त करने हेतु छूट की सीमा प्रति उधारकर्ता खाता 5.00 लाख रुपए होगी। सेवा और व्यवसाय क्षेत्र की इकाइयों के लिए 2.00 लाख रुपए तक की परियोजना के लिए कोई संपार्श्विक नहीं होगी। भागीदारी परियोजना के मामले में परियोजना लागत में भाग लेने वाले प्रति व्यक्ति को 2.00 लाख रुपए तक की राशि तक संपार्श्विक से छूट प्रदान की जाएगी।

**vi) मामलों की स्वीकृति/संवितरण**

क) संवितरण एक सतत प्रक्रिया है तथा उस विशेष कार्यक्रम वर्ष के पूरा होने पर भी ऋणों का संवितरण होता रहता है । कार्य दल समितियों द्वारा प्रायोजित आवेदन पत्रों पर कार्रवाई करते समय, शाखाएँ सुनिश्चित करें कि :-

- जहाँ तक संभव हो, संवितरण कम से कम किस्तों में होना चाहिए, स्वीकृति उचित अन्तराल में होनी चाहिए तथा वर्ष की अन्तिम तिमाही तक न धकेली जाए ।
- आवेदनपत्र के निरसन के कारण स्पष्ट होने चाहिए तथा प्रत्येक माह जिला समन्वयकों को कारण उपलब्ध कराए जाएं ताकि कार्य दल समिति मामले की समीक्षा कर सकें ;
- किस्तों की संख्या

- दिनांक 28.5.04 को आयोजित सचिव (एसएसआइ एण्ड एआरआइ) भारत सरकार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बैंकों को सूचित किया गया है कि वे संबंधित जिला उद्योग केन्द्र को स्वीकृति पत्र की प्रति परांकित करें ताकि हिताधिकारियों की संवितरण पूर्व औपचारिकताएँ पूरी करने में सहायता कर सके ।

ख) योजना के अन्तर्गत बैंकों द्वारा प्रदान की गई स्वीकृति अन्तिम होनी चाहिए तथा ऋण राशि के संवितरण हेतु हिताधिकारियों द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तों का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए । इससे हिताधिकारी बैंकों की अपेक्षाओं का अनुपालन सही समय पर कर सकेंगे ताकि बैंक यह सुनिश्चित कर सकें कि समाप्ति की तारीख से पहले स्वीकृत ऋण राशि का संवितरण पूरा किया जाता है ।

## vii) चुकौती अनुसूची

क) चुकौती अनुसूची आरम्भिक आस्थगन अवधि के 3 से 7 वर्ष की अवधि में निर्धारित होनी चाहिए ; **यह वित्तपोषक बैंक द्वारा** उनके उद्यम के स्वरुप और लाभप्रदता के अनुसार होगी । कार्यशील पूंजी सीमा की आवधिक समीक्षा होनी चाहिए ।

ख) चुकौती अनुसूची मीयादी ऋण घटक के लिए ही बनाई जाए ।

ग) जहाँ उधारकर्ता बैंक द्वारा निर्धारित चुकौती अनुसूची से पहले ऋण की चुकौती कर सकते हैं , प्रमरोयो ऋण की चुकौती की अनुसूची शाखा प्रबंधक के विवेकाधिकार पर **3 वर्ष की न्यूनतम अवधि** में फिर से बनाई जा सकती है, ताकि उधारकर्ता को सब्सिडी समय से पहले प्राप्त हो जाए तथा यदि वह चाहे तो अतिरिक्त ऋण सुविधाएँ प्राप्त कर सकता है ।

घ) ऋण की वसूली सम्बन्धित बैंकों का उत्तरदायित्व है । बैंकों को सूचित किया गया है कि वे वसूली दर में सुधार लाने के लिए अपने क्षेत्रीय/नियंत्रक कार्यालय स्तर पर वसूली कक्षों का गठन कर सकते हैं । वे इस संबंध में कार्यान्वयन एजेंसियों की सहायता ले सकते हैं । राज्य सरकार/समितियाँ ऋणों की वसूली की निगरानी करेंगी तथा इस संबंध में बैंकों की सहायता करेंगी । वास्तविक चूक होने पर उनकी दुबारा सूची बनाए जाने को वरीयता दी जानी चाहिए ।

## viii) अतिरिक्त वित्त

क) कार्यशील पूंजी पर अतिरिक्त वित्त उस सीमा तक दिया जाए कि मीयादी ऋण घटक और स्वीकृत कार्यशील पूंजी उधारकर्ता अथवा उसे सभी भागीदारों के लिए निर्धारित स्थायी अधिकतम सीमा से अधिक न हो (अर्थात् व्यवसाय क्षेत्र अथवा व्यवसाय क्षेत्र से इतर के अनुसार 1 लाख रु. अथवा 2 लाख रु.) तथा अतिरिक्त वित्त का प्रस्ताव भी कार्य दल समिति द्वारा अनुमोदित होना चाहिए ।
ख) बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई गई अतिरिक्त सहायता पर शाखा को आबंटित मूल लक्ष्य के आधार पर विचार किया जाएगा । अन्य शब्दों में, किसी बैंक शाखा के लिए यह नया मामला नहीं माना जाएगा ।

## ix) दंडस्वरुप ब्याज/प्रक्रिया प्रभार

प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत प्रदान किये गये ऋणों पर कोई दंडस्वरुप ब्याज अथवा प्रक्रिया प्रभार लगाये नहीं जाएंगे ।

**9. सब्सिडी प्रबंधन**

**i) सब्सिडी संवितरण**

भारत सरकार द्वारा सब्सिडी पहले ही उपलब्ध कराई जाएगी तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के माध्यम से बैंकों को दी जाएगी । सब्सिडी का भाग बैंकों में उधारकर्ता के नाम पर मीयादी ऋण घटक की अवधि तक सावधि जमा के रुप में रखा जाएगा । परंतु उस पर कोई ब्याज लागू नहीं होगा । सब्सिडी जमा का समायोजन उधारकर्ता के पास मीयादी ऋण घटक के अन्तर्गत अन्तिम किस्तों के लिए किया जाएगा । **किसी भी हालत में सावधि जमा कम से कम 3 वर्ष की अवधि के लिए होनी चाहिए तथा उसके बाद ही समायोजन के लिए उपलब्ध होनी चाहिए ।**

**ii) सावधि जमा रसीद की प्रभावी तारीख**

क) चूंकि सब्सिडी की राशि पहले ही बैंक के प्रधान कार्यालय में भेज दी जाती है, सब्सिडी राशि द्वारा की गई सावधि जमा की तारीख वही तारीख होगी जिसको शाखा द्वारा ऋण की अन्तिम किस्त का भुगतान किया जाना हो । उस तारीख से ऋण के सब्सिडी वाले भाग पर ब्याज नहीं लिया जाएगा ।

ख) यदि प्रधान कार्यालय में सब्सिडी की राशि ऋण संवितरण के बाद प्राप्त होती है तो भी, उधारकर्ताओं को असुविधा से बचाने के लिए, सावधि जमा उसी तारीख से होगी जिस तारीख को ऋण की अन्तिम किस्त का भुगतान किया जाए तथा उसी तारीख से सब्सिडी वाले भाग पर ब्याज प्रभारित नहीं किया जाएगा ।

**iii) सब्सिडी की राशि की सावधि जमा पर ब्याज का भुगतान न होना**

सब्सिडी की राशि, जो हिताधिकारी के नाम में सावधि जमा के रुप में बैंकों में रखी जाती है, उस पर बैंक द्वारा ब्याज नहीं दिया जाएगा और सब्सिडी वाले ऋण भाग पर बैंकों द्वारा कोई ब्याज प्रभारित नहीं किया जाएगा । प्रभारित किए जाने वाले ब्याज की यह ऋण राशि, सब्सिडी के अतिरिक्त, ऋण की राशि के आधार पर होगी ।

**iv) सब्सिडी की पात्रता**

क) यदि प्रधान मंत्री रोजगार योजना का ऋण अवधि समाप्ति से पहले खत्म हो जाता है, तो उधारकर्ता सब्सिडी का पात्र नहीं होगा । इसी प्रकार, ऋण का दुरूपयोग करने पर, उधारकर्ता द्वारा परियोजना का त्याग किए जाने पर,योजना इत्यादि के अन्तर्गत निर्दिष्ट मानदण्डों का अनुपालन न किए जाने पर उधारकर्ता की अपात्रता होने पर भी सब्सिडी उपलब्ध नहीं होगी । इन सभी मामलों में जहाँ ऋणों से योजना का उद्देश्य पूरा न हुआ हो, उधारकर्ता सब्सिडी के लिए पात्र नहीं होंगे ।

ख) तथापि, जहाँ ऋण अवरुध्द हो गए हैं / वसूली के लिए संदेहास्पद हैं और जिनके संबंध में बैंक ने निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के पास दावा दर्ज कर दिया है, वहाँ तीन वर्ष की अवधि पूरी होने से पहले भी बकाया ऋण का समायोजन सब्सिडी जमा में से कर लिया जाए बशर्ते कि दुरुपयोग बैंक के नियंत्रण से परे हो ।

ग) बैंक यह सुनिश्चित करें कि मूल्यांकन ऋण स्वीकृत करने तथा संवितरण करने की प्रक्रिया तथा संवितरण के बाद की निगरानी इत्यादि बैंक के प्रधान/नियंत्रक कार्यालयों द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसरण में की जा रही है ताकि वे उपर्युक्त लाभ के लिए पात्र हो सकें तथा आवश्यकता होने पर आवश्यक रिकार्ड प्रस्तुत कर सकें ।

घ) ऐसे मामलों में मीयादी जमा की समयपूर्व समाप्ति के लिए दण्ड से सम्बन्धित उपबंध लागू नहीं होंगे । तथापि, जहां हिताधिकारी योजना के अन्तर्गत सहायता हेतु पात्र नहीं हैं, वहाँ किसी भी स्थिति में सब्सिडी का समायोजन ऋण में करने की अनुमति नहीं है तथा सब्सिडी की राशि लौटाई जानी है ।

**v) लेखा परीक्षा प्रमाणन**

- प्रत्येक बैंक प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत सब्सिडी के संबंध में बैंक द्वारा किए गए दावों की सत्यता प्रमाणित करते हुए सांविधिक लेखा परीक्षकों से प्रमाणपत्र प्राप्त करें तथा प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर से पहले निदेशक मंडल को प्रस्तुत करें । इस संबंध में, सांविधिक लेखा परीक्षण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए निम्नानुसार प्रक्रिया का पालन करें ।
- बाहरी लेखा परीक्षा के लिए चयनित शाखाएँ अपने प्रधान कार्यालय को बाहरी लेखा परीक्षकों/समवर्ती लेखा परीक्षकों द्वारा जारी इस आशय का प्रमाणपत्र भेजें कि रजिस्टरों और अन्य संबंधित बहियों में प्रविष्टियों तथा प्रधान मंत्री रोजगार योजना में पिछले कार्यक्रम वर्ष के अन्तर्गत स्वीकृत ऋणों से संबंधित सब्सिडी राशि के बैंक शाखाओं के दावे सही हैं ।
- अन्य बैंक शाखाओं के संबंध में जहाँ बाहरी लेखा परीक्षकों/समवर्ती लेखा परीक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है, शाखा प्रबंधक स्वयं प्रधान कार्यालय को आवश्यक प्रमाणपत्र भेज सकते हैं ।
- बैंक शाखाओं से प्राप्त प्रमाणपत्रों (बाहरी लेखा परीक्षकों/समवर्ती लेखा परीक्षकों / शाखा प्रबंधकों, जैसा भी मामला हो) के आधार पर बैंकों के सांविधिक लेखा परीक्षक प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत पिछले कार्यक्रम वर्ष के दौरान सभी बैंकों द्वारा जारी सब्सिडी राशि के संबंध में एक समेकित प्रमाणपत्र जारी करें तथा वह निदेशक मंडल को प्रस्तुत किया जाए (**अनुबंध I** में दिए फार्मेट के अनुसार) ।
- सब्सिडी खाते महालेखाकार के लेखा-परीक्षा पर आधारित होंगे ।

**vi) सब्सिडी के उपयोग का विवरण**

क) भारत सरकार ने **अनुबंध II** में प्रोफार्मा संशोधित किया है जिसमें बैंक द्वारा सब्सिडी के उपयोग/अपेक्षित अतिरिक्त सब्सिडी के आँकड़े तिमाही आधार पर दिए जाएँ, जो कार्यक्रम वर्ष 2006-07 से लागू होगा। तदनुसार, बैंक प्रोफार्मा के नोट में दिए गए अनुदेशों के आधार पर प्रत्येक तिमाही के अन्त में प्रत्येक कार्यक्रम वर्ष से संबंधित कुल स्वीकृति / संवितरण/सब्सिडी का उपयोग/अपेक्षित राशि की संचयी स्थिति भेजें ।

ख ) बैंक अपने नियंत्रक कार्यालयों/शाखाओं से, निर्धारित प्रोफार्मा में आँकड़े मासिक आधार पर मंगवा सकते हैं तथा वे भारतीय रिज़र्व बैंक को समेकित विवरण तिमाही आधार पर भेजना सुनिश्चित करें ।

**vii ) अतिरिक्त सब्सिडी का समायोजन**

क) बैंक अपने पास उपलब्ध किसी भी कार्यक्रम वर्ष की सब्सिडी का उपयोग चार कार्यक्रम वर्षों अर्थात् 1993-94,1994-95,1995-96,1996-97 के लिए कर सकते हैं, इस प्रकार समायोजित की गई सब्सिडी की राशि की सूचना भारतीय रिज़र्व बैंक को तिमाही सब्सिडी उपयोग प्रमाणपत्र/विवरण में दी जाए ।

ख) बैंक 1993-94 से 1996-97 तक के कार्यक्रम वर्ष के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत अपने पास उपलब्ध अतिरिक्त सब्सिडी का उपयोग कार्यक्रम वर्ष 1997-98 की सब्सिडी आवश्यकताओं के लिए कर सकते हैं ।

ग) बैंक कार्यक्रम वर्ष 1997-98 के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत उनके पास उपलब्ध अतिरिक्त सब्सिडी का उपयोग 1997-98 के लिए सभी सब्सिडी आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद कार्यक्रम वर्ष 1998-99 की सब्सिडी का भी उपयोग कर सकते हैं ।

घ) यदि बैंकों ने वर्ष 1998-99 की सब्सिडी आवश्यकताओं को पूरा कर लिया हो तो वे कार्यक्रम वर्ष 1998-99 के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत उनके पास उपलब्ध अतिरिक्त सब्सिडी का उपयोग 1999-2000 की आवश्यकताओं के लिए कर सकते हैं ।

**10. प्रशिक्षण/मूलभूत व्यय**

क) राज्य सरकार/संघ शासित प्रदेशों को, बैंकों से यह पुष्टि मिलने के बाद कि ऋणों की स्वीकृति हो गई है, उद्योग क्षेत्र के प्रति हिताधिकारी को 2500/- रु. उद्योग क्षेत्र और 1250/- रुपये सेवा और व्यवसाय क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण/मूलभूत घटक के रुप में दिया जाएगा । प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षित हिताधिकारियों की विशेष आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाए ।

ख) शिक्षित महिलाओं की ओर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है क्योंकि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में बेरोज़गारी का भार अधिक है तथा रोजगार और प्रशिक्षण तक उनकी पहुँच सामाजिक परिस्थितियों और रवैये पर निर्भर करती है । सम्भवतः सेवा क्षेत्र ही उनके लिए सर्वाधिक अनुकूल है । इलैक्ट्रिकल और इलैक्ट्रानिक उपकरणों की मरम्मत और उन्हें तैयार करना, घड़ियों को एसेम्बल करना,कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर,शिशु सदन इत्यादि सेवाएँ आदि कुछ क्षेत्र हैं जो शिक्षित महिलाओं के लिए उपयुक्त हैं तथा उन्हें इन गतिविधियों को आरम्भ करने के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए । उन्हें कम्प्यूटर पार्ट्स,सॉफ्टवेयर विकास टीवी इलैक्ट्रानिक उपकरणों की मरम्मत तथा, प्रिंटिंग प्रेस,फार्मेसी चलाना, ड्राई क्लीनिंग और रेस्तराँ, छोटे गेस्ट हाउस इत्यादि छोटे सेवा उद्योग स्थापित करना इत्यादि का प्रशिक्षण उपलब्ध कराना चाहिए ।

ग) उद्योग तथा कुशल श्रमशक्ति के प्रयोगकर्ता, जिन्हें कौशल की नई अपेक्षाओं की जानकारी है, को श्रमशक्ति के विकास में सम्मिलित किया जाना चाहिए । वाणिज्य और उद्योग चैम्बर को भी उद्यमिता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए । स्थानीय उद्योग संघ को भी इसी तरह की भूमिका निभानी चाहिए । यह अपेक्षा की गई है कि आइटीआई,पॉलिटेक्निक और सरकार द्वारा चलाए जा रहे अन्य प्रशिक्षण संस्थानों, निजी और स्वैच्छिक संगठनों की क्षमता को दो पारियों में चला कर तथा पाठ्यक्रम और कार्यक्रम अवधि में समुचित सुधार करके उपयोग में लाया जाए । कार्यक्रम की अवधि सामान्यतया एक माह की होगी। तथापि, जिला प्रधान मंत्री रोजगार योजना समिति नए व्यवसाय के लिए अवधि में परिवर्तन करके अवधि निर्धारित कर सकती है ।

घ) उद्योग क्षेत्र के अन्तर्गत प्रशिक्षण 15-20 कार्य दिवस के लिए दिया जाए । सेवा और व्यवसाय क्षेत्र के अन्तर्गत प्रशिक्षण अवधि 7-10 कार्य दिवस की होगी ।

ङ.) प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत जहां उधारकर्ता ने किसी प्रतिष्ठित संस्था अथवा बैंक द्वारा संचालित कोई समतुल्य अथवा उच्चतर उद्यम विकास प्रशिक्षण अथवा दीर्घावधि प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तो उसे प्रशिक्षण से छूट प्राप्त हो सकती है । ऐसे मामलों में संबंधित जिलों के जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक से इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करें कि उधारकर्ता ने ऐसा प्रशिक्षण पहले ही प्राप्त कर लिया है और वह प्रमंरोयो के अंतर्गत प्रशिक्षण से छूट पाने का हकदार है, ताकि उसे ऋण संवितरित किया जा सके ।

च) प्रमंरोयो के उधारकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने के मामले में यदि बैंक आगे आते हैं तो सबसे पहले उन्हें वरीयता (निर्धारित निधि सहित) दी जानी चाहिए । जिन बैंकों के पास राज्य स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों उन्हें चाहिये कि राज्य सरकारों से परामर्श करते हुए प्रमंरोयो के उधारकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें ।

छ) राज्यों / संघशासित क्षेत्रों में प्रतिपूर्ति आधार पर मामलों के निर्धारित लक्ष्य के 125% के लिए प्रति आवेदनकर्ता 200 रुपए का पूर्व चयन अभिप्रेरण अभियान ।

**11. अन्य पहलू**

(i) **दिवंगत उधारकर्ता**

क) किसी उधारकर्ता की मृत्यु होने पर प्रमंरोयो के अंतर्गत बैंकों के लिए यह उचित रहेगा कि वे दिवंगत उधारकर्ता के किसी कानूनी वारिस/नजदीकी रिश्तेदार अथवा किसी तीसरे पक्ष को दायित्व का अंतरण कर दें जो उस इकाई/कार्यकलाप का दायित्व लेने और उसे जारी रखने के लिए इच्छुक हो, भले ही वे योजना में निर्धारित मानदंडों को पूरा न करते हों, परंतु शर्त यह रहेगी कि जिस व्यक्ति को इकाई/कार्यकलाप अंतरित की जाती है वह ऋण की शर्तों में कोई बदलाव किये बिना किस्तों की समय पर चुकौती के लिए उधारकर्ता बैंक को संतुष्ट करेगा ।

ख) सब्सिडी की राशि सिर्फ अंतरित खाते में ही जमा की जायेगी ।

ग) तथापि, यदि ऐसी व्यवस्था नहीं हो पाती है तो बैंक ऋण वसूली के लिए आवश्यक कदम उठायें और सब्सिडी की राशि दिवंगत हिताधिकारी की बकाया राशि में समायोजित कर लें ।

(ii) **साझेदारी की समाप्ति**

किसी एक साझेदार की सेवानिवृत्ति होने पर साझेदारी की समाप्ति होने तथा शेष अन्य साझेदार द्वारा फर्म की सभी देयताओं के संबंध में एकमात्र स्वामित्व स्वीकारने की स्थिति में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाए :

- शेष साझेदार द्वारा जारी रखे जाने वाली प्रस्तावित गतिविधि यदि सेवा और उद्योग क्षेत्रों के लिए 2 लाख रु. से अधिक है और व्यवसाय क्षेत्र के लिए 1 लाख रुपये से अधिक है तो गतिविधि जारी रखने वाला शेष साझेदार / एकमात्र साझेदार किसी सब्सिडी के लिए पात्र नहीं होगा ।

(iii) **"अदेयता प्रमाणपत्र" जारी करना**

क्षेत्र में कार्यरत सभी बैंकों से "अदेयता प्रमाणपत्र" प्राप्त करने में उधारकर्ताओं को सामान्यतः कठिनाई होती है तथा बैंकों द्वारा ऐसा प्रमाणपत्र देने में भी विलम्ब होता है । अब से आवेदनपत्र में एक खण्ड होगा जिसमें किसी बैंकिंग/वित्तीय संस्थान से आवेदक द्वारा लिए गए ऋण का ब्योरा होगा , आवेदक द्वारा दिए गए सभी ब्योरे उसके द्वारा प्रमाणित किए जाएंगे । आवेदन द्वारा दी गई सूचना के आधार पर बैंक आवेदक के स्तर के संबंध में सन्तुष्ट होने पर "अदेयता प्रमाणपत्र" की आवश्यक अपेक्षा से छूट देने पर विचार कर सकते हैं । यदि बैंक उधारकर्ता के ऋण खाते के स्तर को क्षेत्र के अन्य बैंकों से सत्यापित करने का निर्णय लेते हैं तो वे आवेदकों की सूची दो प्रतियों में, संलग्न करते हुए विशिष्ट रुप से पत्राचार करें । यदि अन्य बैंकों से 15 दिन के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता हैं तो यह समझा जाए कि संदर्भित बैंकों को कोई देयता / आपत्ति नहीं है । चूंकि यह जानकारी आपसी लेन-देन के आधार पर है, तो "अदेयता प्रमाणपत्र" देने के लिए कोई सेवा प्रभार नहीं लिया जाना चाहिए ।

(iv) **प्रमंरोयो के उधारकर्ताओं को पासबुक जारी करना**

प्रमंरोयो के उधारकर्ताओं को बैंक पास - बुक क्षेत्रीय भाषा में जारी करें ताकि संवितरणों/ चुकौतियों आदि का अभिलेख सुविधाजनक तरीके से रखा जा सके ।

(v) **आवेदनों को जारी रखना**

किसी वर्ष के दौरान जिला उद्योग केंद्र द्वारा संस्तुत आवेदन जो वर्ष की समाप्ति तक लंबित रह गये हों, उनके मामलों में बैंकों को चाहिए कि अगले वित्तीय वर्ष में मंजूरी/संवितरण के समय उन पर पहले विचार करें । लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं, के आधार पर इन लंबित मामलों को लौटाया नहीं जाना चाहिए ।

vi) **अन्य प्रोत्साहन**

प्रमंरोयो के उधारकर्ताओं को राज्य सरकारों द्वारा कुछ अन्य किस्म के प्रोत्साहन यथा रियायती दर पर औद्योगिक शैड,प्लॉट आदि प्रदान करने चाहिए। उधारकर्ता परोक्ष नकद प्रोत्साहन यथा बिक्री कर की छूट आदि भी प्राप्त कर सकते हैं । राज्य संघ शासित प्रदेश उन्हें मौद्रिक प्रोत्साहन दे सकते हैं परंतु परियोजना लागत के 5 प्रतिशत प्रवर्तक अंशदान को परियोजना में प्रवर्तक की हिस्सेदारी नहीं समझा जाना चाहिए ।

vii) **कार्यक्रम वर्ष के दौरान स्वीकृत मामलों का संवितरण बंद करना**

(क) कभी-कभी किसी वर्ष विशेष में स्वीकृत मामले विभिन्न कारणों जैसे कि उधारकर्ता की रुचि न रह जाने अथवा उसका किसी अन्य व्यवसाय से जुड़ जाने आदि की वजह से अगले वर्ष तक असंवितरित रह जाते हैं । किसी वर्ष विशेष में स्वीकृत मामले यदि अगले वित्तीय वर्ष के दौरान 9 महीनों की अवधि तक संवितरित नहीं होते तो बैंक उन्हें व्यपगत मान सकते हैं तथा ऐसे आवेदनकर्ताओं को पंजीकृत डाक द्वारा सूचना भेजी जाती है । साथ ही साथ, भावी उधारकर्ता के दुबारा न आने की स्थिति में जिला उद्योग केंद्र को भी सूचित किया जाता है । ऐसे सभी मामलों में, जिला उद्योग केंद्र आवेदनकर्ताओं से संपर्क स्थापित करने का प्रयास करता है । जिला उद्योग केंद्र को चाहिए कि जहां कहीं आवश्यक हो किसी भी कारण से आवेदनकर्ताओं के असंवितरित मामलों को पुनः प्रायोजित करें । इन्हें संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान नया मामला समझा जायेगा । ये अनुदेश ऐसे मामलों पर लागू नहीं होंगे जिनका आंशिक रुप से भुगतान किया जा चुका है ।

(ख) प्रमंरोयो के अंतर्गत किसी वित्तीय वर्ष के दौरान स्वीकृत ऋण अगले वर्ष के 10वें महीने अर्थात् निश्चित रुप से 1 फरवरी से पहले संवितरित करके खाता बंद कर देना चाहिए ।

(ग) प्रमंरोयो के अंतर्गत विशेष मामले के रुप में वर्ष 1993-94,1994-95 और 1995-96 के दौरान स्वीकृत ऋणों के संवितरण और अंतिम रुप से खाता बंद करने की तारीख 1 जून 1997 निर्धारित की गयी थी ।

(घ) प्रमंरोयो के अंतर्गत वर्ष 1997-98 के दौरान ऋणों की स्वीकृति और संवितरण अवधि क्रमशः अगले वर्ष के छठे और नौवें महीने की समाप्ति पर निर्धारित की गयी थी । तदनुसार, वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकृतियां 01.10.1998* को व्यपगत हो गयी और संवितरण को **01.01.1999*** तक पूरा करना पड़ा । इस संबंध में 01.04.97 से 31.03.98 की अवधि के दौरान स्वीकृत मामले ही कार्यक्रम वर्ष 1997-98 के दौरान स्वीकृत कुल मामले बने रहे । 31.03.98 के पश्चात् की स्वीकृतियों की गणना वर्ष 1997-98 के दौरान हुई स्वीकृतियों के साथ नहीं की गयी यद्यपि उनके आवेदन वर्ष 1997-98 के दौरान प्राप्त हो गये थे । ऐसी स्वीकृतियों की गणना कार्यक्रम वर्ष 1998-99 के लिए की गयी ।

(ड.) कार्यक्रम वर्ष 1997-98 के दौरान स्वीकृत ऐसे मामले जिनका संवितरण 01.10.98 तक नहीं हुआ था, वे स्वीकृतियां उस तारीख को व्यपगत हो गयीं और ऐसे मामलों में उक्त पैराग्राफ (क) में उल्लिखित व्यपगत स्वीकृतियों संबंधी अनुदेशों का अनुपालन किया जाए ।

(च) प्रमंरोयो के अंतर्गत कार्यक्रम वर्ष 01.04.98 से 31.3.99 के दौरान स्वीकृत मामलों के संवितरण बंद करने की तारीख 31.12.99 निर्धारित की गयी । इसके पश्चात् ऐसी स्वीकृतियां जिनका कार्यक्रम वर्ष 1998-99 के दौरान संवितरण न हुआ हो, व्यपगत मानी गयीं । ऐसे मामलों में जहां आंशिक रुप से संवितरण हुआ हो, उन्हें आंशिक रुप से भुगतान करने की अनुमति 31.12.99 के पश्चात् दी गयी जैसा कि उक्त पैरा (घ) में इंगित है । जैसा कि कार्यक्रम वर्ष 1998-99 हेतु संवितरण 31.12.99 तक बंद होना है अतः बैंकों को चाहिये कि अपने सभी दावों के लिए अंतिम सब्सिडी उपयोगिता प्रमाणपत्र निर्धारित फार्मेट में 28.2.2000 तक प्रस्तुत करें ।

(छ) वर्ष 1999-2000 के दौरान स्वीकृत ऋणों के मामले में स्वीकृतियों के व्यपगत और संवितरण पूरा होने की अंतिम तारीख क्रमशः 31.10.2000 और 31.12.2000 निर्धारित की गयी थी । वर्ष 1999-2000 के दौरान आंशिक रुप से संवितरित मामलों में 31.12.2000 की समाप्ति पर संवितरित राशि के लिए बैंक का सब्सिडी दावा रोक लिया गया । उसके पश्चात् ऋण का असंवितरित हिस्सा बैंकों द्वारा बिना सब्सिडी लाभ के संवितरित किया जायेगा । सब्सिडी हिस्से की स्वीकृति और संवितरण बैंकों द्वारा अतिरिक्त ऋण के रुप में किया जा सकता है ।

(ज) वर्ष 1993-94 से 1995-96 के दौरान स्वीकृतियों के आंशिक संवितरण के मामलों में यह तय किया गया था कि संवितरण बंद होने की तारीख अर्थात् 01.06.97 तक संवितरित राशि के बाद बैंक की सब्सिडी रोक दी जाए । उसके पश्चात्, ऋण का असंवितरित हिस्सा बैंकों द्वारा संवितरित किया जा सकता है परंतु वे सब्सिडी की मांग नहीं करेंगे । सब्सिडी हिस्से की स्वीकृति और संवितरण अतिरिक्त ऋण के रुप में की जा सकेगी ।

(झ) वर्ष 1996-97 के दौरान स्वीकृत मामलों के संबंध में जहां आंशिक संवितरण किया गया था वहां संवितरण की अंतिम तारीख 01.02.98 तक बढ़ायी नहीं गयी और बैंकों से कहा गया कि वे संवितरण पूरा करने के लिए उपर्युक्त पैराग्राफ (ज) में बतायी गयी प्रक्रिया का पालन करें ।

(ञ) वर्ष 1997-98 के दौरान स्वीकृत मामलों के आंशिक संवितरण के संबंध में बैंक का सब्सिडी दावा संवितरण की अंतिम तारीख अर्थात् 01.01.99 तक संवितरित राशि के पश्चात् रोक दिया गया । उसके बाद ऋण का असंवितरित हिस्सा बैंकों द्वारा बिना सब्सिडी लाभ लिए संवितरित किया जा सकता था । कार्यकलाप हेतु वित्तीय सहायता कम न होने पाये, इसलिए असंवितरित राशि पर देय सब्सिडी बैंक द्वारा उधारकर्ता को अतिरिक्त ऋण के रुप में स्वीकृत और संवितरित की जा सकती है ।

(ट) वर्ष 1993-94 से 1995-96 के दौरान स्वीकृत मामलों में बैंक का सब्सिडी दावा संवितरण बंद होने की तारीख अर्थात् 01.06.1997 के पश्चात् रोक दिया गया और वर्ष 1996-97 के दौरान स्वीकृत तथा आंशिक रुप से संवितरित मामलों की अंतिम तारीख 01.02.1998 निर्धारित की गयी । चूंकि पात्र संवितरण पूरे किये जा चुके थे , बैंकों से अपेक्षा की गई थी कि वे वर्ष 1993-94 से 1996-97 तक के संबंधित कार्यक्रम वर्ष के लिए उपयोगिता प्रमाण-पत्र निर्धारित फार्मेट में भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करें ताकि वे सब्सिडी राशि का समाधान कर सकें । बैंको को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनकी शाखाओं के सब्सिडी दावे संबंधित कार्यक्रम वर्ष में शामिल कर लिये गये हैं ।

**viii) निरस्त मामलों की समीक्षा**

अस्वीकृत मामलों की नमूना जाँच की जाए तथा यह जाँच ऋण आवेदन मूलरूप से अस्वीकृत करने वाले बैंक अधिकारी से उच्चतर प्राधिकारी द्वारा की जाए ।

**खण्ड II**

**प्रमंरोयो - कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियां और परिचालनगत दिशानिर्देश**

**12. कार्यान्वयन**

(क) भौगोलिक इकाइयों की दृष्टि से एक सुव्यवस्थित जिला होने की वजह से यह प्रस्ताव किया जाता है कि कार्यक्रम का समन्वित कार्यान्वयन जिला स्तर पर किया जाए ।

(ख) राज्य/केंद्र शासित सरकार को चाहिये कि वे दिल्ली,मुंबई,कलकत्ता और चेन्नई चारों महानगरों में कार्यान्वयनकर्ता एजेंसी के रुप में जिला उद्योग केंद्र/लघु उद्योग सेवा संस्थान/उद्योग निदेशालय/जिला शहरी विकास एजेंसी में से किसी एक का चयन कर घोषित करें । अन्य क्षेत्रों में वे जिला उद्योग केंद्र अथवा जिला शहरी विकास एजेंसी का चयन कर घोषित कर सकते हैं । यह एजेंसी स्वरोजगार योजनाओं, उनके कार्यान्वयन तथा जिला प्रमंरोयो समिति के समग्र पर्यवेक्षण/मार्गदर्शन के अंतर्गत उनकी निगरानी के लिए जिम्मेदार होगी जिसे यह संबंधित क्षेत्रों के बैंकों से परामर्श करते हुए पूरा करेगी । उनसे यह अपेक्षित है कि वे विभिन्न कार्यकलापों की वास्तविक मांग और उनकी समाहित होने की क्षमता के आधार पर स्थान विशेष कार्य योजना का प्रारंभ करें ।

(ग) जिला प्रमंरोयो समिति स्वरोजगार योजनाओं को प्रारंभ करने, उनका कार्यान्वयन और निगरानी रखने के लिए एक नोडल एजेंसी के रुप में कार्य करेगी । समिति इस प्रयोजन के लिए एक कार्य दल गठित करेगी । जिला स्तर पर कार्य दल निम्नानुसार गठित किया जायेगा । इसका अध्यक्ष कार्यान्वयनकर्ता एजेंसी का वरिष्ठ अधिकारी रहेगा जो अधिमानतः एजेंसी का प्रमुख अधिकारी रहेगा अर्थात् उसमें जिला उद्योग केंद्र का महाप्रबंधक,लघु उद्योग सेवा संस्थान के निदेशक उद्योग निदेशालयों के मामलों में उद्योग केंद्रों के अपर निदेशक,जिला शहरी विकास एजेंसी के मामले में उप अध्यक्ष शामिल रहेंगे । कार्य दल के अन्य सदस्यों में निम्नलिखित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को शामिल किया जायेगा -

i) अग्रणी बैंक
ii) दो अग्रसर बैंक
iii) जिला रोजगार अधिकारी
iv) जिला उद्योग केंद्र/लघु उद्योग सेवा संस्थान/जिला शहरी विकास एजेंसी प्रत्येक का एक सदस्य (कार्यान्वयनकर्ता एजेंसी के अतिरिक्त)
v) कार्य दल के अध्यक्ष द्वारा एक अधिकारी सदस्य सचिव के रुप में नामित किया जायेगा ।
vi) अध्यक्ष किसी ख्यातिप्राप्त गैर - सरकारी संगठन से एक या अधिक सदस्यों को सहयोजित कर सकता है ।

(घ) कलकत्ता और चेन्नई महानगरों में योजना के कार्यान्वयन का उत्तरदायित्व उद्योग निदेशालय का होगा । मुंबई में योजना कार्यान्वयन का उत्तादायित्व उद्योग निदेशालय और लधुउद्योग सेवा संस्थान का होगा । एन सी टी दिल्ली में योजना का कार्यान्वयन उद्योग निदेशालय सभी 9 जिलों में उपायुक्त के माध्यम से सुनिश्चित करेगा । उक्त एजेंसियाँ सामान्य तथा निम्नलिखित कार्यों के लिए जिम्मेदार रहेंगी :

i) उद्यमियों का चयन और उन्हें अभिप्रेरित किया जाना,
ii) उद्योग,सेवा और व्यवसाय क्षेत्रों में योजनाएं तैयार करना और उनकी पहचान करना,
iii) व्यवसाय/कार्यकलाप का निर्धारण किया जाना,

iv) ऋण की सिफारिश करना ,

v) संबंधित प्राधिकारियों से आवश्यकतानुसार संपर्क कर त्वरित गति से मामलों को निपटाना ।

(ड.) कृति दल स्थानीय अखबारों में विज्ञापन के जरिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करेगा । कार्य दल इन आवेदनों का अनुमोदन करेगा और बाद में सिफारिश करते हुए उन्हें बैंक शाखाओं के पास भेजेगा । कार्य दल समिति की सिफारिश के पश्चात शाखा प्रबंधक को प्राप्त सभी आवेदनों को तत्परतापूर्वक निपटाया जायेगा ।

(च) जिला प्रमंरोयो समिति अथवा प्रयोजनार्थ गठित कार्य दल द्वारा योजना के कार्यान्वयन में हिताधिकारी की पहचान व्यवसाय विशिष्ट का चयन, हिताधिकारी के लिए अपेक्षित तंत्र की पहचान, बैंकों और उद्योग से संबंधित अन्य स्थानीय एजेंसियों के साथ अनुरक्षक सेवाएं और निकट संपर्क बनाये रखने जैसे कार्य शामिल होते हैं ।

1. योजना का प्रारुप तैयार करना, उसके कार्यान्वयन और निगरानी के संबंध में जिला प्रमंरोयो समितियों को नेतृत्व और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना ।
2. विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों में अन्तर-विभागीय समन्वय स्थापित करना और मूलभूत और विपणन सुविधाएँ प्रदान करना ।
3. व्यय की समीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए करना कि वह स्वीकृत सीमा में रहे ।
4. प्रत्यक्ष लक्ष्यों और उपलब्धियों की समीक्षा करना ।
5. योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करना और उसका मूल्यांकन करना ।
6. विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों के बीच राज्य स्तर पर सार्थक बातचीत के लिए मंच उपलब्ध कराना ।

## जिला प्रमंरोयो समिति का गठन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिला कलैक्टर/उपायुक्त | अध्यक्ष |
| 2. | सीईओ,जिला ग्रामीण विकास एजेंसी | सदस्य |
| 3. | जिला रोज़गार अधिकारी | " |
| 4. | अग्रणी बैंक प्रबंधक | " |
| 5. | अध्यक्ष,कार्य दल समिति | सदस्य सचिव |

इन अधिकारियों/प्रतिनिधियों के अतिरिक्त अध्यक्ष निम्नलिखित में से एक या अधिक पदाधिकारियों को सहयोजित कर सकता है :-

समाज सेवा,उद्योग/व्यवसाय, जिला कल्याण अधिकारी, जिला सांख्यिकीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, स्थानीय इंजिनियरिंग महाविद्यालयों/पॉलिटेक्नीक/आइटीआइ के प्रधानाचार्यों अथवा तकनीकी शिक्षा/व्यावसायिक प्रशिक्षण/ औद्योगिक प्रशिक्षण, बैंकों के प्रतिनिधियों में से एक या अधिक गणमान्य नागरिक ।

## जिला प्रमंरोयो समितियों के कार्य

1. विभिन्न एजेंसियों को योजना के मूल मानदंडों और अपेक्षाओं तथा उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में उन्हें सूचित करते रहना ।
2. प्रशिक्षण और वित्तीय मानदंडों की प्रगति की समीक्षा करना और समग्र व्यय को स्वीकृत सीमा में रखते हुए नए मानदंड निर्धारित करना ।
3. योजना का प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए उसकी निगरानी और मूल्यांकन करना ।
4. अन्तर-विभागीय समन्वय और सहयोग सुनिश्चित करना ।
5. उपलब्धियों का प्रचार करना तथा योजना के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरुकता उत्पन्न करना ।
6. राज्य सरकार को निर्धारित प्रोफार्मा में आवधिक विवरण भेजना ।

## उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सचिव, लघु उद्योग और एआरआइ मंत्रालय | अध्यक्ष |
| 2. | अतिरिक्त सचिव और विकास आयुक्त, लघु उद्योग मंत्रालय | सदस्य |
| 3. | अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, लघु उद्योग और एआरआइ मंत्रालय | सदस्य |
| 4. | सलाहकार (ग्राम और लघु उद्योग), योजना आयोग | सदस्य |
| 5. | संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, वित्त, श्रम, सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण, शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन | सदस्य |
| 6. | कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक | सदस्य |
| 7. | अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक | सदस्य |
| 8. | केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, युनाइटेड बैंक आफ इंडिया, फेडरल बैंक लि. के मुख्य कार्यपालक निदेशक | सदस्य |
| 9. | महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम, तमिलनाडु और कर्नाटक सरकार के चयनित राज्य सरकारी पदाधिकारी | सदस्य |
| 10. | निदेशक (प्रमंरोयो) एआरआइ मंत्रालय | सदस्य-सचिव |

**उच्चाधिकारप्राप्त समिति के कार्य**

1. योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना ।
2. योजना की वास्तविक, वित्तीय और मात्रात्मक प्रगति की समीक्षा करना ।
3. समवर्ती मूल्यांकन रिपोर्टों पर विचार करना ।
4. योजना के कार्यान्वयन में शामिल राज्य सरकारों और विभिन्न विभागों, बैंकों तथा एजेंसियों के बीच चर्चा करने हेतु स्थायी मंच के रुप में कार्य करना ।
5. उद्यमवृत्ति विकास से संबंधित उद्यम विकास, सहायता तथा संस्था मजबूत करना और मूलभूत सुविधाएं देने के प्रस्ताव पर विचार करना ।
6. परिचालनगत दिशानिर्देशों का संशोधन और आशोधन ।

अध्यक्ष को समिति के अन्य सदस्यों / आमंत्रितों को आवश्यकता होने पर सहयोजित करने की शक्तियां होंगी ।

अपने कार्य करने के लिए समिति की बैठक आवधिक रुप से होगी ।

अनुबंध XIII

**मास्टर परिपत्र**
**प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को उधार**
**विशेष कार्यक्रम**

**प्रमंरोयो- कार्यदल द्वारा सिफारिशें**
**(खंड II के पैराग्राफ 13(vii) और खंड IIIके पैराग्राफ 16(ड.) के अनुसार)**

सं. 6 (2)/94-डीआइसी   जून 22, 1994

1. सचिव, (लघु उद्योग), सभी राज्य/संघ शासित प्रदेश
2. उद्योगों के निदेशक, सभी राज्य/संघ शासित प्रदेश

**विषय : प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत बैंकों को कार्य दल की सिफारिशें तथा प्रमंरोयो के अन्तर्गत राज्य वार/जिला वार लक्ष्य**

महोदय,

दिल्ली , प.बंगाल,बिहार,गुजरात और केरल राज्यों में वर्ष 1993-94 के दौरान प्र.मं.रो.यो. के कार्यान्वयन का एक गहन अध्ययन, डीसी,लघु उद्योग के अधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया । इन अध्ययनों और अन्य राज्य सरकारों से हुई चर्चा तथा प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा से कुछ सामान्य समस्याएँ तथा लक्ष्य आबंटन के सम्बन्ध में भ्रांतियाँ और बैंकों को कार्य दल की सिफारिशें सामने आई हैं । समस्याएँ, संक्षेप में, निम्नानुसार है :-

**समस्याएँ**

1. कुछ राज्यों ने योजना को साथ-साथ चलाने के बजाय अनुवर्ती रुप में कार्यान्वित किया है । अतः उन्होंने पहले चरण में आवेदनपत्र आमंत्रित किए, बाद में जिनकी संवीक्षा की गई कार्य दल ने उनकी सिफारिश की । स्वीकृति मूल्यांकन की प्रक्रिया और बैंकों द्वारा संवितरण, आवेदन पत्र आमंत्रित करने और कार्य दल की सिफारिशें पूरी होने के बाद ही किया गया ।
2. बैंकों का लक्ष्य 25% था इसी प्रकार की किसी प्रतिशतता के पूरा होने पर बहुत से बैंक/बैंक शाखाएँ सिफारिश किए गए मामलों को स्वीकार नहीं करते ।
3. बहुत से मामलों में, जब स्वीकृत मामले वित्त वर्ष के अन्त तक अनिर्णीत रह जाते हैं तो बैंक उन्हें कार्य दल को लौटा देते हैं ।
4. बैंकों/बैंक शाखाओं द्वारा बहुत से मामले यह कह कर लौटा दिए जाते हैं कि "वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य पूरा कर लिया गया है ।"
5. बहुत से मामलों में उदाहरणार्थ दिल्ली में, सिफारिश किए गए मामले उस बैंक शाखा को नहीं भेजे गए, जिनके क्षेत्राधिकार में वे आते हैं ।
6. सामान्यतया कार्य दल और अग्रणी बैंक, दोनों ने ही लक्ष्यों के पुनः आबंटन में अनावश्यक रुप से बहुत अधिक समय लिया है और जिले में इस प्रकार की आवश्यकता होने पर, पुनः निर्धारण सिफारिशें विभिन्न बैंक शाखाओं को भेजी जानी होती हैं , राज्य स्तर पर भी इसी प्रकार की स्थिति प्रतीत होती है ।

   यह निर्णय लिया गया है कि स्पष्टीकरणों का एक समेकित विवरण जारी किया जाए ताकि बैंकों के स्तर पर सिफारिश करने की प्रक्रिया शुरु करने/उन पर संवितरण करने को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके ।

**स्पष्टीकरण**

1. बैंकों/बैंक शाखाओं द्वारा हिताधिकारियों को ऋण स्वीकृत/संवितरित की गतिविधि, आवेदन पत्र आमंत्रित करने और कार्य दल द्वारा की गई सिफारिशों की गतिविधि के समानान्तर होनी चाहिए । ये गतिविधियाँ अनुवर्ती कार्रवाई के रुप में नहीं देखी जानी चाहिए ।
2. परिचालनगत दिशानिर्देशों में यह प्रावधान है कि सामान्यतया कार्य दल को प्रत्येक बैंक शाखा के लक्ष्य से दोगुनी संख्या में मामले भेजे जाने चाहिए ताकि बैंक शाखा स्तर पर ही मामले अस्वीकृत करने का कार्य किया जा सके । इस शर्त नियमित रूप से अनुपालन होना चाहिए ।
3. आवेदनपत्र आमंत्रित करना और कार्य दल द्वारा सिफारिशें करना एक सतत प्रक्रिया है । सामान्यतया कार्यदल द्वारा पूरे वर्ष आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाने चाहिए । अन्य शब्दों में, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार योजना के अन्तर्गत एक सम्भाव्य हिताधिकारी किसी भी समय आवेदन कर सकता है न कि एक निर्धारित अवधि के दौरान ।
4. कार्य दल की बैठकें नियमित रुप से, यथा आवेदनपत्रों पर विचार और समीक्षा के लिए माह में दो बार होनी चाहिए । इन आवेदनपत्रों पर नियमित आधार पर प्रक्रिया होनी चाहिए । कार्य दल की सिफारिशें प्रत्येक बैंक/बैंक शाखाओं को ध्यान में रखते हुए जिले में विभिन्न बैंकों/बैंक शाखाओं को पूरे वर्ष नियमित रुप से भेजी जानी चाहिए ।
5. अग्रणी बैंक और दो बैंक कार्य दल के सदस्य होते हैं । अतः परियोजना का मोटे तौर पर वित्तीय मूल्यांकन कार्य दल द्वारा ही किया जाना चाहिए । परियोजना के आरम्भिक स्तर पर सही मूल्यांकन और सिफारिशों के लिए जब भी आवश्यक समझा जाए हिताधिकारी से साक्षात्कार किया जाना चाहिए ताकि आरम्भिक स्तर पर ही संबंधित जानकारी प्राप्त हो सके ।
6. अतः एक बार फिर यह स्पष्ट किया जाता है कि आवेदन पत्र प्राप्त करने और कार्य दल द्वारा उन पर सिफारिशें देना पूरे वर्ष एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए ।
7. सामान्य रुप से, किसी भी बैंक शाखा को एक समय में एक विशेष वर्ष के दौरान अपने लक्ष्य से कम से कम दोगुने सिफारिश किए गए मामले स्वीकार करने चाहिए ।
8. यदि बैंक/बैंक शाखाएँ प्राप्त किए तथा सिफारिश किए गए लक्ष्य की तुलना में दोगुने मामलों में से अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते हैं तो उन्हें कार्य दल से और मामलों की सिफारिश करने का अनुरोध समय रहते करना चाहिए ।
9. यह समझा जाना चाहिए कि एक बार सिफारिश किया गया मामला वित्तीय वर्ष के अन्त में अपना अस्तित्व नहीं खो देता है । बैंक के पास वित्तीय वर्ष के अन्त तक पड़े निलम्बित मामलों पर नियमानुसार, आगामी वित्त वर्ष में स्वीकृति/संवितरण के लिए पहले विचार किया जाना चाहिए । तथापि, ऐसा प्रतीत होता है कि यह प्रक्रिया लागू नहीं की जा रही है क्योंकि पहली तिमाही में स्वीकृति/संवितरण के मामलों की संख्या नगण्य ही है, जिससे स्पष्ट होता है कि बैंक पिछले वित्तीय वर्ष के चले आ रहे मामलों पर विचार नहीं करते हैं अथवा उन्होंने वित्तीय वर्ष के अन्त में मामले यह कह कर लौटा दिए है कि वे निलम्बित थे ।
10. नियमानुसार, कार्य दल द्वारा सिफारिश किए गए किसी भी मामले को बैंक/बैंक शाखा द्वारा यह कह कर नहीं लौटाया जाना चाहिए कि लक्ष्य पहले ही प्राप्त कर लिए गए हैं, इत्यादि ।
11. यदि किसी विशेष बैंक/बैंक शाखा द्वारा सिफारिश किए गए मामलों का संवितरण लक्ष्य की तुलना में बहुत अधिक अथवा बहुत कम है तो सभी सिफारिश किए गए मामलों को शाखा-वार पुनः आबंटन अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यान्वयन एजेन्सी के परामर्श से तुरन्त करेगा ।

उक्त स्पष्टीकरणों से निम्नानुसार सुनिश्चित होना चाहिए :-

i) आवेदन पत्रों का आगमन और कार्य दल द्वारा सिफारिश किए गए मामलों का बैंकों में आगमन पूरे वर्ष नियमित और सतत प्रक्रिया होगी ।

ii) संभावित हिताधिकारी वर्ष में किसी भी समय मानक प्रक्रिया के अनुसार योजना के अन्तर्गत ऋण के लिए आवेदन करने का पात्र होगा ।

iii) कार्य दल की बैठकें प्राप्त आवेदनपत्रों पर कार्रवाई करने और अपनी सिफारिशें देने के लिए नियमित (माह में 2 बार) रुप से होती रहेंगी ।

iv) परियोजना का आरम्भिक स्तर पर वित्तीय मूल्यांकन मोटे तौर पर कार्य दल द्वारा ही किया जाएगा क्योंकि अग्रणी बैंक प्रबंधक और दो अन्य बैंक कार्य-दल के सदस्य हैं । आवेदन पत्र फार्म तथा अन्य जानकारी में यदि कोई कमियाँ होंगी तो वे कार्य-दल के स्तर पर ही दूर कर दी जाएंगी । इस प्रयोजन के लिए, आवश्यकता होने पर, सभांव्य हिताधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है । कार्य दल की बैठकों के लिए नियमित रुप से तारीखें निर्धारित होनी चाहिए तथा उनका प्रचार किया जाना चाहिए ।

v) बैंकों के पास स्वीकृति/संवितरण के लिए सिफारिश किए गए पर्याप्त मामले होने चाहिए ।

vi) बैंकों के पास वर्ष के अन्त तक रखे अनिर्णीत मामलों पर आगामी वर्ष के आरम्भ में पहले विचार किया जाएगा । इससे पूरे वर्ष स्वीकृति और संवितरण की प्रक्रिया सुनिश्चित होगी ।

आपसे अनुरोध है कि आप उक्त स्पष्टीकरण अपनी प्रशासनिक प्रक्रिया में सम्मिलित करें तथा उन्हें उचित प्रकार से लागू करें । कृपया आप उन्हें कार्यान्वयन एजेंसी प्रशिक्षण संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों तथा संबंधित बैंकों की जानकारी में ला सकते हैं ।

( राजू शर्मा )
निदेशक (प्र.मं.रो.यो.)

**अनुबंध XIV**

**संशोधित दिशानिर्देश**
**प्रधानमंत्री रोजगार योजना**
**(पैरा 19(एच) - खंड III के अनुसार)**

**मुख्य विशेषताएं**

आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्गों के शिक्षित बेरोज़गार युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 2 अक्तूबर 1993 से प्रधान मंत्री रोजगार योजना परिचालन में है । योजना का उद्देश्य उद्योग, सेवा और कारोबार क्षेत्र में स्वनियोजित उद्यम स्थापित करने में पात्र युवाओं की मदद करना है । योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को शामिल किया जाएगा।

| क्रम सं. | पात्रता के मानदंड | |
|---|---|---|
| 1. | आयु | i) सभी शिक्षित बेरोज़गारों के लिए 18 से 35 वर्ष ।<br>ii) पूर्वोत्तर राज्यों, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू और कश्मीर के शिक्षित बेरोजगारों के लिए 18 से 40 वर्ष ।<br>iii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिकों, शारीरिक रूप से विकलांगों और महिलाओं के लिए 18 से 45 वर्ष । |
| 2. | शैक्षिक अर्हता | आठवीं पास। सरकार मान्य /अनुमोदित संस्थाओं में कम से कम छः माह की अवधि वाले किसी ट्रेड में प्रशिक्षित व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 3. | परिवार की आय | न तो पति / पत्नी की आय सहित लाभार्थी की आय और न ही लाभार्थी के माता-पिता की आय 1,00,000/- रुपए प्रतिवर्ष से अधिक हो। |
| 4. | आवास | उस क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष का स्थायी आवास। (मेघालय में विवाहित पुरूषों तथा देश के बाकी राज्यों में विवाहित महिलाओं को छूट है) मेघालय में विवाहित पुरूषों और देश के बाकी राज्यों में विवाहित महिलाओं के मामले में आवास संबंधी मानदंड पति / पत्नी या ससुरालवालों के लिए लागू होंगे। |
| 5. | चूककर्ता | किसी राष्ट्रीकृत बैंक / वित्तीय संस्था / सहकारी बैंक का चूककर्ता नहीं होना चाहिए। साथ ही, जिस व्यक्ति ने सब्सिडी देनेवाली किसी सरकारी योजना के अंतर्गत पहले ही सहायता ले ली है, ऐसा व्यक्ति इस योजना के अंतर्गत पात्र नहीं होगा। |
| 6. | शामिल कार्यकलाप | कृषि और कृषि सहायक कार्यकलापों सहित आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य सभी कार्यकलाप । लेकिन, फसल की उगाई, खाद की खरीद आदि जैसे प्रत्यक्ष कृषिगत परिचालन इसमें शामिल नहीं होंगे। |
| 7. | परियोजना लागत | कारोबार / सेवा क्षेत्र के लिए 2.00 लाख रुपए तथा उद्योग क्षेत्र के लिए 5.00 लाख रुपए के ऋण संमिश्र स्वरुप के होंगे। यदि पात्र दो या अधिक व्यक्ति किसी साझेदारी में सहभागी होते हैं तो 10.00 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को शामिल किया जाता है। आर्थिक सहायता व्यक्ति की पात्रता तक सीमित रहेगी।<br><br>**स्वयं सहायता समूहों को योजना के अंतर्गत ऋण देने पर विचार किया जा सकता है बशर्ते :**<br>• शिक्षित बेरोजगार युवा योजना के अंतर्गत निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हो, तथा स्वेच्छा से स्व-नियोजित उद्यम (सामान्य आर्थिक कार्यकलाप) स्थपित करने के लिए स्वयं |

| | | |
|---|---|---|
| | | सहायता समूह गठित करते हों।<br>• स्वयं सहायता समूह 5-20 शिक्षित बेरोजगारों का हो सकता है।<br>• परियोजना लागत की कोई उच्च्च सीमा नही है।<br>• परियोजना की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए व्यक्ति की पात्रता के अनुसार ऋण दिया जाएगा।<br>• स्वयं सहायता समूह सामान्य आर्थिक कार्यकलाप अंगीकार कर सकते हैं जिसके लिए उसके सदस्यों को आगे ऋण देने की शर्त के बिना ऋण दिया जाएगा।<br>• **स्वयं सहायता समूह के लिए सब्सिडी की उच्चतम सीमा 15,000/- रुपए प्रति लाभार्थी है और प्रति स्वयं सहायता समूह को दी जानेवाली अधिकतम राशि 1.25 लाख रुपए है।**<br>• स्वयं सहायता समूहों को सब्सिडी पूर्वोत्तर राज्यो, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर में दी जाने वाली छूट को ध्यान में रखते हुए व्यक्ति की पात्रता के अनुसार दी जाएगी।<br>• अपेक्षित मार्जिन मनी का अंशदान (अर्थात् सब्सिडी और मार्जिन परियोजना लागत के 20% के बराबर) स्वयं सहायता समूह द्वारा सामूहिक रूप से इकट्ठा किया जाएगा।<br>• उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाली परियोजनाओं के लिए संपार्श्विक जमानत से छूट पाने की सीमा प्रति उधार खाता 5.00 लाख रुपए होगी। सेवा और कारोबार क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाली परियोजनाओं के लिए संपार्श्विक जमानत से छूट स्वयं सहायता समूह के प्रति सदस्य 2.00 लाख रुपए तक सीमित होगी। सत्पात्र मामलों में बैंक संपार्श्विक जमानत से छूट की सीमा को बढ़ाने पर विचार कर सकते हैं।<br>• कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियां स्वयं सहायता समूह के सभी / अधिकांश सदस्यों को संवितरणपूर्व प्रशिक्षण देने की आवश्यकता तय कर सकती हैं। |
| 8. | सब्सिडी और मार्जिन मनी | i) सब्सिडी की राशि परियोजना लागत के 15% तक सीमित होगी जो प्रति उद्यमी 12,500/- रुपए की उच्चतम सीमा के अधीन होगी। बैंकों को उद्यमी से परियोजना लागत के 5% से लेकन 16.25% तक मार्जिन मनी लेने की अनुमति होगी ताकि सब्सिडी और मार्जिन मनी मिलकर परियोजना लागत का 20% हो जाए।<br>**<u>पूर्वोत्तर राज्यों, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू और कश्मीर के लिए</u>**<br><br>ii) पूर्वोत्तर राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू और कश्मीर के लिए सब्सिडी, परियोजना लागत का 15% होगी जो प्रति उद्यमी 15,000/- रुपए की उच्चतम सीमा के अधीन होगी। उद्यमियों से प्राप्त मार्जिन मनी का अंशदान परियोजना लागत का 5% से 12.5 % तक हो सकता है ताकि सब्सिडी और मार्जिन मनी मिलकर परियोजना लागत का 20% हो जाए। |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | संपार्श्विक जमानत | उद्योग क्षेत्र में 5.00 लाख रुपए (प्रमंरोयो के अंतर्गत ऋण की उच्चतम सीमा) तक की परियोजना लागत वाली इकाइयों के लिए कोई संपार्श्विक जमानत नहीं देनी होगी । उद्योग क्षेत्र में साझेदारी परियोजनाओं के लिए संपार्श्विक जमानत से छूट की सीमा प्रति उधार खाता 5.00 लाख रुपए होगी। सेवा और कारोबार क्षेत्र की इकाइयों के मामले में 2.00 लाख रुपए तक की परियोजनाओं के लिए कोई संपार्श्विक जमानत नहीं देनी होगी। साझेदारी परियोनाजाओं के मामले में संपार्श्विक जमानत से छूट परियोजना लागत में सहभागी होनेवाले प्रति व्यक्ति 2.00 लाख रुपए होगी। |
| 10. | ब्याज दर और चुकौती अनुसूची | सामान्य ब्याज दर लगाई जाएगी। चुकौती अवधि यथा निर्धारित आरंभिक अधिस्थन (मोरेटोरियम) अवधि की समाप्ति के बाद 3 से 7 वर्ष होगी। |
| 11. | आरक्षण | महिलाओं सहित कमजोर वर्गों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अजा/अजजा के लाभार्थियों की सहायता इस प्रकार की जाए कि वे संबंधित जिले/राज्य में उनकी आबादी के अनुपात में लाभान्वित हों। तथापि, प्रमंरोयो में वर्तमान मे की गई व्यवस्था के अनुसार अजा/अजजा के लाभार्थियों की संख्या 22.5% तथा अन्य पिछर्डे वर्गों की संख्या 27% से कम नहीं होनी चाहिए। यदि अजा/अजजा/ ओबीसी के उम्मीदवार उपलब्ध न हों तो राज्य/संघ शासित क्षेत्र की सरकार प्रमंरोयो के अंतर्गत अन्य वर्गों के उम्मीदवारों पर विचार करने के लिए सक्षम होगी। |
| 12. | प्रशिक्षण | ऐसे प्रत्येक उद्यमी को जिसका ऋण मंजूर हो गया है, निम्नानुसार प्रशिक्षण दिया जाएगाः<br>i) उद्योग क्षेत्र के लिए<br>अवधि : 15 - 20 कार्य दिवस<br>शिष्यवृत्ति : 750/- रुपए<br>प्रशिक्षण खर्च : 1750/- रुपए<br>ii) सेवा और कारोबार क्षेत्र<br>अवधि : 7 - 10 कार्य दिवस<br>शिष्यवृत्ति : 375/- रुपए<br>प्रशिक्षण खर्च : 875/- रुपए |
| 13. | प्रेरणादायक अभियान चलाना | पात्र आवेदकों की सफलता दर में सुधार लाने के लिए राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों को मामलों के 125 प्रतिशत के आबंटित लक्ष्य के लिए 200/- रुपए प्रति आवेदक की दर से आवेदकों को परामर्श देने और मार्गदर्शन करने की लागत की प्रतिपूर्ति करने की अनुमति होगी। |
| 14. | ऋण की वसूली | i) ग्राम पंचायतों जैसी पंचायती राज संस्थाओं को ये अधिकार दिए जाएं कि वे उसी क्षेत्र में रहनेवाले उम्मीदवारों की पहचान करें और उनके नाम जिला कृति दल समिति को भेजें ताकि ऋण का संवितरण वास्तविक व्यक्तियों को हो तथा ऋण की वसूली भी बेहतर रहे ।<br>ii) प्रमंरोयो की इकाइयों के रुग्णता/बंद हो जाने के स्तर को कम करने के उद्देश्य से आवेदनों की उचित जांच और व्यवहार्य परियोजनाओं का चयन करने की जिम्मेदारी जिला स्तरीय चयन समिति और / कृति दल समिति की होगी। |
| 15. | कार्यान्वयनकर्ता एजेंसी | बैंकों के साथ योजना के कार्यान्वयन के लिए मुख्यतः जिला उद्योग केंद्र और उद्योग निदेशालय जिम्मेदार हैं। |

**अनुबंध XV**

**मास्टर परिपत्र**
**प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को उधार -**
**विशेष कार्यक्रम**

**प्रमंरोयो**
(खण्ड II - पैराग्राफ 12 (टी) के अनुसार )

जिला का नाम :
ब्लाक का नाम :
ग्राम का नाम :

| क्रम सं. | योजना का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी का नाम | योजना का ब्योरा | योजना की लागत | निधि प्रदान करने की तारीख | हिताधिकारी का नाम एवं पता/ हिताधिकारियों की कुल संख्या | प्राप्त/अप्राप्त अनुदान लाभ की स्थिति | लिया/न लिया गया बैंक ऋण | सत्यापन अधिकारी की टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

नोट :

1. मद 1 से 7 कार्यान्वयन विभाग द्वारा भरा जाए
2. मद 8 से 10 सत्यापन अधिकारी द्वारा भरा जाए

**परिशिष्ट**

## मास्टर परिपत्र
## प्रधान मंत्री रोजगार योजना

**मास्टर परिपत्र में सम्मिलित परिपत्रों की सूची**

| क्रम सं. | परिपत्र सं. | दिनांक | विषयवस्तु |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राआऋवि.सं.एसपी/बीसी.42/ प्रमंरोयो/93-94 | 28.9.93 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना(प्रमंरोयो) |
| 2. | ग्राआऋवि.सं.एसपी/बीसी.58/ प्रमंरोयो/93-94 | 25.10.93 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना(प्रमंरोयो) |
| 3. | ग्राआऋवि.सं.एसपी/बीसी.88/ प्रमंरोयो/93-94 | 13.1.94 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना(प्रमंरोयो) |
| 4. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.91/प्रमंरोयो/93-94 | 25.1.94 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना(प्रमंरोयो) |
| 5. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.107/09.04.01/93-94 | 2.3.94 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना(प्रमंरोयो) |
| 6. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.115/09.04.01/93-94 | 4.3.94 | -वही- |
| 7. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.117/09.04.01/93-94 | 11.3.94 | प्रधान मंत्री रोजगार योजना |
| 8. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.131/प्रमंरोयो/94-95 | 30.4.94 | प्रमंरोयो का गठन - वित्तीय वर्ष 1994-95 के लिए लक्ष्यों की उपलब्धि |
| 9. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.167/09.04.01/93-94 | 20.6.94 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रमंरोयो - रिपोर्टिंग फार्म |
| 10. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.171/09.04.01/93-94 | 24.6.94 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रमंरोयो |
| 11. | ग्राआऋवि.एसपी.बीसी.7/ 09.04.01/93-94 | 18.7.94 | प्रमंरोयो - शैक्षिक योग्यताएँ |
| 12. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.17/09.04.01/94-95 | 27.7.94 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रमंरोयो |
| 13. | ग्राआऋवि.सं.बीसी40/09.04.01/94-95 | 29.9.94 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत पारिवारिक आय |
| 14. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.65/ 09.04.01/94-95 | 9.11.94 | प्रमंरोयो - सावधि जमा पर ब्याज का भुगतान |
| 15. | ग्राआऋवि.सं.992/09.04.01/94-95 | 22.11.94 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत हुई प्रगति पर रिपोर्टिंग प्रणाली |
| 16. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.127/09.04.01/94-95 | 6.3.95 | प्रमंरोयो - स्पष्टीकरण |
| 17. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.133/09.04.01/94-95 | 20.3.95 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत अनु. जाति /अनु.ज.जा.तथा अन्य पिछड़ी जातियों के लक्ष्य की उपलब्धि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.69/09.04.01/95-96 | 28.12.95 | शिक्षित बेरोज़गार युवाओं के लिए प्रमंरोयो |
| 19. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.94/ 09.04.01/95-96 | 16.2.96 | प्रमंरोयो - वसूली निष्पादन |
| 20. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.107/ 09.04.01/95-96 | 14.3.96 | प्रमंरोयो के कार्यान्वयन में खादी ग्रामोद्योग का सहयोग - लक्ष्य और तौर-तरीके |
| 21. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.109/ 09.04.01/95-96 | 15.3.96 | शिक्षित बेरोज़गार युवाओं के लिए प्रमंरोयो - कार्यदल |
| 22. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.134/ 09.04.01/95-96 | 16.5.96 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रमंरोयो - स्पष्टीकरण |
| 23. | ग्राआऋवि.सं.बीसी.137/ 09.04.01/95-96 | 17.5.96 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत प्रशिक्षण |
| 24. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.138/ 09.04.28/95-96 | 16.5.96 | प्रमंरोयो - भारिबैं द्वारा आयोजित तीसरे क्षेत्र अध्ययन के निष्कर्ष |
| 25. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.139/ 09.04.01/96-97 | 21.5.96 | बैंकों द्वारा संपार्श्विक प्रतिभूति पर जोर देना - प्रमंरोयो |
| 26. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.6/ 09.04.01/96-97 | 2.7.96 | प्रमंरोयो - योजना का कार्यान्वयन |
| 27. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.37/ 09.01.28/96-97 | 18.9.96 | प्रमंरोयो - वसूली निष्पादन |
| 28. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.48/ 09.04.01/96-97 | 15.10.96 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना |
| 29. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.66/ 09.04.01/96-97 | 19.11.96 | प्रमंरोयो - आवेदनपत्रों का प्रायोजन |
| 30. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.75/ 09.04.01/96-97 | 11.12.96 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रमंरोयो |
| 31. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.127/ 09.04.01/96-97 | 21.4.97 | प्रमंरोयो - मृतक उधारकर्ता |
| 32. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.132/ 09.04.01/96-97 | 26.4.97 | प्रमंरोयो - वर्ष 1993-94, 1994-95 और 1995-96 के दौरान स्वीकृत मामलों के लिए संवितरण की अन्तिम तारीख को बढ़ाना |
| 33. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.135/ 09.04.01/96-97 | 12.5.97 | प्रमंरोयो - स्पष्टीकरण |
| 34. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.136/ 09.04.01/96-97 | 15.5.97 | प्रमंरोयो - सब्सिडी का समायोजन |
| 35. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.43/ 09.04.01/97-98 | 22.10.97 | प्रमंरोयो -भागीदारी का विघटन |
| 36. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.86/ 09.04.01/97-98 | 16.2.98 | प्रमंरोयो - जारी की गई सब्सिडी की राशि का समायोजन |
| 37. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.86/ 09.04.01/97-98 | 16.2.98 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष के दौरान स्वीकृत मामलों का संवितरण बंद करना जहां अन्तिम तारीख तक आंशिक संवितरण कर दिया गया है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 38. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.92/ 09.04.01/97-98 | 21.2.98 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत ऋणों की स्वीकृति और संवितरण बन्द करना |
| 39. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.105/ 09.04.01/97-98 | 26.3.98 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत स्वीकृति और संवितरण का बंद होना |
| 40. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.126/ 09.04.01/97-98 | 3.6.98 | उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए प्रमंरोयो मानदंडों में छूट |
| 41. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.14/ 09.04.01/98-99 | 25.7.98 | प्रमंरोयो - स्पष्टीकरण |
| 42. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.18/ 09.04.06/98-99 | 31.7.98 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत बैंकों द्वारा सब्सिडी का उपयोग - कार्यक्रम वर्ष 1993-94 से 1996-97 तक |
| 43. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.19/ 09.04.01/98-99 | 31.7.98 | प्रमंरोयो - स्पष्टीकरण -1997-98 के लिए प्रमंरोयो के अन्तर्गत स्वीकृति के लिए लेखांकन की अन्तिम तारीख स्वीकृति होने तथा संवितरण के पूरा होने की अन्तिम तारीख |
| 44. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.59/ 09.04.01/98-99 | 7.1.99 | प्रमेरोयो के अन्तर्गत प्रगति की रिपोर्टिंग प्रणाली |
| 45. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.83/ 09.04.01/98-99 | 22.3.99 | प्रमंरोयो - योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन |
| 46. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.106/ 09.04.01/98-99 | 10.6.99 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत संवितरण की समाप्ति |
| 47. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.1/ 09.04.01/99-2000 | 5.7.99 | प्रमंरोयो - उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन |
| 48. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.2/ 09.04.01/99-2000 | 6.7.99 | प्रधान मंत्री रोजगार योजना - योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन- स्पष्टीकरण |
| 49. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.3/ 09.04.01/99-2000 | 6.7.99 | प्रमंरोयो का कार्यान्वयन |
| 50. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.5/ 09.06.01/99-2000 | 8.7.99 | प्रमंरोयो - अन्तिम सब्सिडी के उपयोग का प्रमाणपत्र/कार्यक्रम वर्ष 1997-98 से संबंधित अनिर्णीत दावों के विवरण का प्रस्तुतीकरण |
| 51. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.22/ 09.04.06/99-2000 | 23.8.99 | प्रमंरोयो - तिमाही सब्सिडी के उपयोग का विवरण प्रस्तुत करने हेतु फार्मेट |
| 52. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.26/ 09.04.01/99-2000 | 28.9.99 | प्रमंरोयो का 31.3.99 को 1993-94 से 1998-99 की स्थिति के अनुसार सब्सिडी उपयोग का प्रमाणपत्र |
| 53. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.50/ 09.04.01/99-2000 | 20.12.99 | प्रमंरोयो - आवेदक की आय का करार नामा |
| 54. | ग्राआऋवि.सं.एस.बीसी.59/ 09.04.01/99-2000 | 7.2.2000 | प्रमंरोयो - किराये के परिसर की लीज़ अवधि |
| 55. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.75/ 09.04.01/99-2000 | 27.3.2000 | प्रमंरोयो - प्रमंरोयो के अन्तर्गत शारीरिक रुप से विकलांग व्यक्तियों के लिए अर्जित लाभ की निगरानी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 56. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.76/ 09.04.01/99-2000 | 28.3.2000 | प्रमंरोयो - योजना का कार्यान्वयन |
| 57. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.93/ 09.04.01/99-2000 | 12.5.2000 | कार्यक्रम वर्ष 1999-2000 के लिए प्रमंरोयो |
| 58. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.94/ 09.04.06/99-2000 | 13.5.2000 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 1998-99 से संबंधित दावों के लिए अंतिम सब्सिडी के उपयोग/ आवश्यकताओं के विवरण का प्रस्तुतीकरण |
| 59. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.95/ 09.04.01/99-2000 | 13.5.2000 | प्रमंरोयो - योजना का कार्यान्वयन |
| 60. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.2/ 09.04.01/2000-01 | 4.7.2000 | प्रधान मंत्री रोजगार योजना (प्रमंरोयो) - कार्यक्रम वर्ष 1993-94 से 1999-2000 के लिए 31.3.2000 की स्थिति अनुसार सब्सिडी जारी करने/उपयोग करने संबंधी प्रमाण पत्र |
| 61. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.13/ 09.04.01/2000-01 | 4.9.2000 | प्रमंरोयो - योजना का कार्यान्वयन - उद्योग पर संसदीय स्थायी समिति का दौरा |
| 62. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.20/ 09.04.01/2000-01 | 30.9.2000 | शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना - पारिवारिक आय सीमा में वृध्दि |
| 63. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.55/ 09.04.01/2000-01 | 12.2.2001 | प्रधान मंत्री रोजगार योजना का कार्यान्वयन - संपार्श्विक प्रतिभूति प्राप्त करने के लिए छूट की सीमा में वृध्दि |
| 64. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.80/ 09.04.01/2000-01 | 27.4.2001 | प्रमंरोयो का कार्यान्वयन - लक्ष्य प्राप्ति 2001-02 |
| 65. | ग्राआऋवि.स.एसपी.बीसी.82/ 09.04.01/2000-01 | 27.4.2001 | कार्यक्रम वर्ष 2000-01 के लिए प्रमंरोयो के अन्तर्गत स्वीकृति की अवधि समाप्ति तथा संवितरण पूरा होने की अन्तिम तारीखें |
| 66. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.84/ 09.04.01/2000-01 | 3.5.2001 | प्रमंरोयो के अन्तर्गत विवाहित महिलाओं के लिए आवासीय मानदंडों में छूट |
| 67. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.86/ 09.04.01/2000-01 | 15.5.2001 | प्रमंरोयो ऋणों की वसूली के लिए बैंकों को राज्य सरकार के अभिकरणों की सहायता |
| 68. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.99/ 09.04.01/2000-01 | 22.6.2001 | वर्ष 2001-02 (संशोधित) के लिए प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति - अतिरिक्त लक्ष्य का आबंटन |
| 69. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.26/ 09.04.01/2001-02 | 19.9.2001 | एक राज्य में 5 से कम शाखाओं वाले बैंकों को लक्ष्य का आबंटन |
| 70. | ग्राआऋवि.सं.एसपी.बीसी.52/ 09.04.01/2001-02 | 31.12.2001 | जिन्होंने प्रमंरोयो के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों का दुरुपयोग करनेवाले उधारकर्ताओं के विरुध्द आपराधिक शिकायतें दर्ज करना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 71 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 73/09.04.01/2001-02 | 02.04.2002 | अदेयता प्रमाणपत्र प्राप्त करना - सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत उधार |
| 72 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 79/09.04.01/2001-02 | 17.04.2002 | राज्य में 5 से कम शाखाओं वाली बैंकों को प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्यों का आबंटन -पांडिचेरी में मानदंडों में छूट |
| 73 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 41/09.04.01/2002-03 | 31.10.2002 | अस्वीकृत मामलों की समीक्षा |
| 74 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 47/09.04.01/2002-03 | 21.11.2002 | अविवाहित लड़कियों के माता-पिता/परिवार के प्रमुखों को सह-उधारकर्ता बनाया जाना |
| 75 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 71/09.04.01/2002-03 | 12.02.2003 | हिमाचल प्रदेश और उत्तरांचल में लागू आशोधित मानदंड़ |
| 76 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 17/09.04.01/2003-04 | 11.08.2003 | मेघालय में विवाहित पुरूषों के लिए आवासीय मानदंड |
| 77 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 21/09.04.01/2003-04 | 11.9.2003 | उद्योग, सेवा और व्यवसाय क्षेत्र के लिए क्रमशः 50%, 30%,20% के अनुपात में अग्रिम ऋण |
| 78 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 31/09.04.01/2003-04 | 01.10.2003 | जम्मू और काश्मीर में लागू आशोधित मानदंड |
| 79 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 50/09.04.01/2003-04 | 8.12.2003 | प्रमंरोयो के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को शामिल करना |
| 80 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 11/09.04.01/2003-04 | 05.05.2004 | उद्योग, सेवा और व्यवसाय के अंतर्गत शामिल की जानेवाली गतिविधियों पर उच्चतम सीमा को हटा देना |
| 81 | ग्राआऋवि.पीएलएन एफएस.बीसी. 12/09.04.01/2004-05 | 30.07.2004 | प्रमंरोयो का कार्यान्वियन-मानदंडों में आशोधन |
| 82. | ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.12/09.04.01/2004-05 | 30.07.2004 | राज्य में 5 से कम शाखाओं वाली बैंकों में प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्यों का आबंटन -जम्मू और कश्मीर में मानदंडों में आशोधन |
| 83. | ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.13/09.04.01/2004-05 | 30.07.2004 | प्रमंरोयो के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को शामिल करना - मानदंडों में आशोधन |
| 84. | भारिबैं/2004-05/145/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.22/09.04.06/2004-05 | 27.08.2004 | प्रमंरोयो का कार्यान्वियन - मानदंडों में आशोधन (हिमाचल प्रदेश) |
| 85. | भारिबैं/2004-05/190/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.35/09.04.01/2004-05 | 24.09.2004 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 2003-04 के अंतर्गत संवितरण की समाप्ति हेतु निर्दिष्ट तारीख 15.11.2004 तक बढ़ा दी गयी है । |
| 86. | भारिबैं/2004-05/191/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.36/09.04.01/2004-05 | 24.09.2004 | वर्ष 2004-05 के लिए प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्य की उपलब्धि - संशोधन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 87. | भारिबैं/2004-05/216/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.39/09.04.01/2004-05 | 12.10.2004 | वर्ष 2004-05 के लिए प्रमंरोयो के अंतर्गत संशोधित लक्ष्य की उपलब्धि |
| 88. | भारिबैं/2004-05/216/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.39/09.04.01/2004-05 | 27.12.2004 | वर्ष 2004-05 के लिए प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्य की उपलब्धि - अरुणाचल प्रदेश के संबंध में वृध्दि |
| 89. | भारिबैं/2004-05/401/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.88/09.04.01/2004-05 | 22.03.2005 | प्रमंरोयो - असंगठित क्षेत्र को ऋण उपलब्धि |
| 90. | भारिबैं/2004-05/416/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.92/09.04.01/2004-05 | 8.4.2005 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 2004-05 के अंतर्गत संवितरण के समाप्ति के लिए निर्दिष्ट तारीख - अंदमान और नीकोबार |
| 91. | भारिबैं/2004-05/427/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.95/09.04.01/2004-05 | 20.4.2005 | वर्ष 2004-05 के लिए प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्य की उपलब्धि |
| 92. | भारिबैं/2004-05/452/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.97/09.04.01/2004-05 | 4.5.2005 | वर्ष 2004-05 के लिए प्रमंरोयो के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा पर बैठक |
| 93. | भारिबैं/2004-05/469/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.100/09.04.01/2004-05 | 16.5.2005 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 2004-05 के अंतर्गत स्वीकृतियां व्यपगत होने तथा संवितरणों की समाप्ति के लिए निर्दिष्ट तारीख |
| 94. | भारिबैं/2004-05/491/ ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.104/09.04.01/2004-05 | 14.6.2005 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 2004-05 के अंतर्गत स्वीकृतियां व्यपगत होने तथा संवितरणों की समाप्ति के लिए निर्दिष्ट तारीख (डेयरी ऋण) |
| 95. | भारिबैं/2005-06/58 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं. 18/ 09.04.01/2005-06 | 14.07.2005 | प्रमंरोयो - वर्ष 05-06 के लिए प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्य |
| 96. | भारिबैं/2005-06/88 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.25/ 09.04.01/2005-06 | 1.08.2005 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 2004-05 के अंतर्गत स्वीकृतियां व्यपगत होने तथा संवितरणों की समाप्ति के लिए निर्दिष्ट तारीख |
| 97. | भारिबैं/2005-06/99 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.27/ 09.04.01/2005-06 | 8.08.2005 | प्रमंरोयो -असम राज्य के लिए कार्यक्रम वर्ष 04-05 ऋण संवितरण की समाप्ति हेतु निर्दिष्ट तारीख बढ़ाना |
| 98. | भारिबैं/2005-06/144 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.37/ 09.04.01/2005-06 | 26.08.2005 | प्रमंरोयो -मणीपुर राज्य के लिए कार्यक्रम वर्ष 04-05 ऋण संवितरण की समाप्ति हेतु निर्दिष्ट तारीख बढ़ाना - मणिपुर राज्य के लिए |
| 99. | भारिबैं /2005-06/336 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं. 70/09.04.01/2005-006 | 24.03.2006 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 05-06 के स्वीकृत मामलों के विरुद्ध स्वीकृतियां व्यपगत होने तथा संवितरणों की समाप्ति के लिए निर्दिष्ट तारीख बढ़ाना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 100 | भारिबैं/2005-06/358 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.74/ 09.04.01/2005-06 | 13.04.2006 | वर्ष 06-07 के लिए प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्य |
| 101 | भारिबैं/2005-06/389 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.83/ 09.04.01/2005-06 | 17.05.2006 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 05-06 के स्वीकृत मामलों के विरुद्ध स्वीकृतियां व्यपगत होने तथा संवितरणों की समाप्ति के लिए निर्दिष्ट तारीख बढ़ाना-कुछ राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों के लिए निर्दिष्ट तारीख बढ़ाना |
| 102. | भारिबैं/2005-06/400 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.88/ 09.04.01/2005-06 | 06.06.2006 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 05-06 के अंतर्गत दुधारु पशु खरीदने संबंधी मामलों के लिए संवितरण की समाप्ति हेतु निर्दिष्ट तारीख |
| 103 | भारिबैं/2005-06/415 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.91/ 09.04.01/2005-06 | 15.06.2006 | कुछ राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के लिए निर्दिष्ट तारीख बढ़ाना |
| 104 | भारिबैं/2006-07/316 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.68/ 09.04.01/2006-07 | 10.04.2007 | प्रमंरोयो - कार्यक्रम वर्ष 06-07 के लिए स्वीकृति की वैध तारीख बढाना |
| 105 | भारिबैं/2006-07/421 ग्राआऋवि.पीएलएनएफएस.बीसी.सं.100/ 09.04.01/2006-07 | 29.05.2007 | वर्ष 2005- 008 के लिए प्रमंरोयो के अंतर्गत लक्ष्य- प्रमंरोयो के संशोधित दिशा-निर्देशों सहित |